

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल



■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 170

ग्वालियर, सोमवार, 9 अगस्त, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.


## वन-टू-वन

### पेटीएम से फर्जी पेमेंट मैसैज करने वाले शातिर पर एक ओर मामला दर्ज

**भोपाल(ए)।** पेटीएम से पेमेंट का फर्जी मैसेज कर राजधानी के आधा दर्जन ज्वेलर्स को लाखो की चपत लगाने वाले के जालसाज के खिलाफ गोविंदपुरा पुलिस ने भी एक मामला दर्ज किया है। फिलहाल आरोपी को गिरफ्तार कर साइबर सेल/क्राइम ब्रांच पूछताछ कर रही है। इसके बाद अब अलग अलग थाना पुलिस उसे रिमांड पर लेकर पुछताछ करने की तैयारी मे है। जानकारी के अनुसार राजधानी के बैरागढ़, पिपलानी सहित अलग-अलग थाना इलाको मे पांच ज्वेलर्स को सोने के जेवर खरीदने के बाद फर्जी एप का उपयोग कर ज्वेलर्स को पेटीएम से बिल का पेमेंट करने का मैसेज देकर ठगी करने वाले मोहित कुमार रंजन को रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है। गोविंदपुरा पुलिस ने भी उसके खिलाफ ज्वेलर्स योगेंद्र सिंह चौहान की शिकायत पर घोरवाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि फरियादी योगेंद्र सिंह की विजय मार्केट में सोने चांदी की दुकान है। जालसाज ने उनकी दुकान से 16 जून को 33 हजार से अधिक का सोना खरीदने कर इसी तरह से पेटीएम से पेमेंट करने का मैसेज भेजकर ठगी की थी। जालसाज को अब पिपलानी फिर गोविंदपुरा पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी।

### पुलिसकर्मी को चाकू मारने वाला गिरफ्तार जायेगा जेल

**भोपाल।** राजधानी के एमपी नगर इलाके मे नो पार्किंग को लेकर चालान काटने पर ट्रैफिक पुलिस के सब इंस्पेक्टर पर चाकू से जानलेवा हमला करने वाले आरोपी एमपी नगर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। थाना पुलिस ने बताया कि आरोपी अपने बचाव के लिए मनगंढत बाते बना रहा है। उसने पुलिस को बताया कि उसे इंजीनियरिंग की पढाई किये तीन साल बीत गए हैं, लेकिन अभी तक नौकरी नहीं मिलने के कारण भोपाल में रहकर उसे अपना खर्चा चलाना भी मुश्किल हो गया है। उस पर चालान की रकम देने में उसे बहूत परेशानी हो रही थी। जिस कारण उसने चालान न काटने का निवेदन किया, इसके बाद चालान काटे जाने से आवेश में आकर चाकू से हमला कर दिया। उल्लेखनीय है, कि घटना एमपी नगर के क्राइम ब्रांच थाना परिसर के पास शनिवार शाम की है। यहां ट्रैफिक पुलिस के एसआई ने आरोपी की नो पार्किंग में खड़ी बाइक का 600 रुपए जुर्माना वसूला था। इसी बात से गुस्साये बाइक मालिक इंजीनियर हर्ष मीणा ने एसआई श्री रामदुबे के पेट में चाकू मार दिया था। आरोपी के पिता श्योपुर में नापतौल विभाग में इंस्पेक्टर हैं।

### भीम नगर मे तोडफोड कर गोली चलाकर दहशत फैलाने वाले दो गिरफ्तार

**भोपाल।** राजधानी के अरेरा हिल्स थाना इलाके मे स्थित भीम नगर झुग्गी बस्ती मे बीती रात क़रीब 1 बजे 3 बदमाशो द्वारा वाहनो मे तोडफोड कर गोली चलाकर दहशत फैलाने की वारदात को अंजाम देने वाले फरार बदमाशो मे पुलिस ने दो आरोपियो को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि वारदात को पहले से चली आ रही रजिंश के चलते गोरव उर्फ़ बिच्छू यादव (21) निवासी भीमनगर झुग्गी ने अंजाम दिया था। बदमाश गोरव उर्फ़ बिच्छु ने बाहर के बदमाश दोस्तों को गाड़ी से बुलवाकर वहनो की तोड़फोड़ और विरोध करने पर कट्टे से फ़ायर करने की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने गोरव यादव ओर प्रवीण उर्फ़ गोलू शूटर (26) निवासी पंचशील नगर थाना टीटी नगर को गिरफ्तार कर लिया है।

### सोमवार को अमांत श्रावण मास की शुरुआत से हो सकता है मंदिर का शुभारंभ

# सोमनाथ मंदिर में देवी पार्वती मंदिर का शिलान्यास करेंगे पीएम मोदी

**नई दिल्ली(ए)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वादश ज्योतिर्लिंगों में प्रथम स्मरणीय बाबा सोमनाथ की अर्द्धशक्ति देवी पार्वती मंदिर का वर्चुअली शिलान्यास करेंगे। मंदिर के शिलान्यास के साथ ही पीएम मोदी सोमनाथ मंदिर परिसर के चारों ओर बनाए गए परिपथ का लोकार्पण भी करेंगे। पीएम मोदी खुद सोमनाथ ट्रस्ट के अध्यक्ष हैं। सोमनाथ मंदिर परिसर में 21 करोड़ रुपए की लागत से सफेद संगमरमर से बनने वाले मां पार्वती के मंदिर का शुभारंभ 9 अगस्त को अमांत श्रावण मास की शुरुआत से हो सकता है। उल्लेखनीय है कि मंदिर ने कई बार विध्वंस देखा है लेकिन आज भी इसकी शोभा कम नहीं हुई है। आजादी के बाद देश के पहले गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की अगुवाई में 8 मई 1950 को सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण शुरू हुआ था और देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉक्टर राजेंद्र




प्रसाद ने 11 मई 1951 में यहां ज्योतिर्लिंग की स्थापना कराई थी। इसके बाद 1 दिसंबर 1955 को इसे राष्ट्र को समर्पित किया गया। हालांकि मंदिर 1962 में पूरा हुआ था। हालांकि ऐतिहासिक पार्वती मंदिर अभी भी परिसर में खंडहर जैसे ही है। यह लगभग 15 ऊंचे श्रीयंत्र जैसे चबूतरे की शक्ल में बना हुआ है। अब यहां पर मंदिर का निर्माण होगा। इस मंदिर में स्थापित देवी पार्वती का विग्रह अब भूतभावन भगवान सोमनाथ मंदिर के गर्भगृह में है। सोमनाथ मंदिर अरब सागर के बिल्कुल किनारे है, सरकार ने 45 करोड़ रुपए की लागत से यहं पर सवा किलोमीटर लंबा वॉक वे बनाया गया है। यह मुंबई के मरीन ड्राइव की तरह सागर के किनारे घुमावदार है।

इस पर लोग पैदल सैर कर सकेंगे। पर्यटक, श्रद्धालु और स्थानीय लोग यहां टहलते हुए मंदिर के दिव्य वातावरण का भी आनंद उठा सकते हैं।

### 8 जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी

# मध्यप्रदेश में जारी रहेगी आफत की बारिश



**भोपाल ।** मध्यप्रदेश में आफत की बारिश फिलहाल जारी रहेगी। मौसम विभाग ने आने वाले 24 घंटे में तेज बारिश की भविष्यवाणी की है। विभाग ने प्रदेश के 8 जिलों में भारी से अति भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। अभी तक प्रदेश में 10 फीसद से ज्यादा बारिश रिकॉर्ड की जा चुकी है। पिछले 24 घंटे में गुना में 164.0 मिलीमीटर बारिश हो चुकी है। मौसम विभाग ने जिन जिलों में भारी से अति भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है, उनमें टीकमगढ़, निवाड़ी, विदिशा, शिवपुरी, दतिया, श्योपुर, गुना और अशोकनगर शामिल हैं। मौसम विभाग का कहना है कि सागर, ग्वालियर, चंबल, भोपाल, होशंगाबाद, उज्जैन, इंदौर, रीवा, जबलपुर, शहडोल संभाग में हल्की बारिश होने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिक जीपी विश्वकर्मा का कहना है कि प्रदेश में 1 जुलाई से 6 अगस्त तक 10 फीसदी ज्यादा बारिश हो चुकी है। भोपाल में लगातार 15 दिनों से रिमझिम बारिश का सिलसिला जारी है।

### बीते 24 घंटे में हुई बारिश के आंकड़े

मौसम विभाग के मुताबिक गुना में 164.1 मिमी, रतलाम में 32 मिमी, सागर में 23.4 मिमी, पचमढ़ी में 23 मिमी, शाजापुर में 17.7 मिमी, भोपाल सिटी में 9.6 मिमी, इंदौर में 9.2 मिमी, दमोह में 9.0 मिमी, टीकमगढ़ मं 8.0 मिमी, होशंगाबाद में 7.4 मिमी, भोपाल में 6.4 मिमी, उज्जैन में 6.0 मिमी, नरसिंहपुर में 5.0 मिमी, बैतूल में 4.2 मिमी,खण्डवा में 4.0 मिमी, धार में 3.7 मिमी, रायसेन मे 2.8 मिमी, छिंदवाड़ा में 0.4 मिमी, जबलपुर में 0.2 मिमी बारिश रिकॉर्ड हुई है।

### रिमझिम बारिश का सिलसला जारी रहेगा

मौसम वैज्ञानिक जीपी विश्वकर्मा का कहना है कि प्रदेश के कई हिस्सों में रिमझिम बारिश का दौर अभी चलेगा। भोपाल, इंदौर संभाग के साथ ही प्रदेश के सभी जिलों में रिमझिम बारिश होती रहेगी। बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। इसीके चलते प्रदेश में नमी आ रही है।

### टोक्यो ओलिंपिक का समापन

## 339 इवेंट्स में 11000 एथलीट्स शामिल हुए बजरंग पूनिया ने की भारतीय दल की अगुवाई



**टोक्यो।** कोरोना महामारी की चुनौतियों के बावजूद टोक्यो ओलिंपिक सफल रहा। 23 जुलाई को शुरू हुए इस इवेंट का समापन हो चुका है। इंटरनेशनल ओलिंपिक कमेटी (IOC) के अध्यक्ष थॉमस बाक ने टोक्यो ओलिंपिक 2020 के समापन की औपचारिक घोषणा की। अब अगला ओलिंपिक 2024 में पेरिस में होगा। टोक्यो में करीब 11 हजार एथलीट्स ने 339 इवेंट्स में हिस्सा लिया। क्लोजिंग सेरेमनी में बजरंग पूनिया भारत के ध्वजवाहक रहे। भारत इस ओलिंपिक में 7 मेडल के साथ 48वें स्थान पर रहा, जो उसका ओलिंपिक इतिहास में सबसे शानदार प्रदर्शन है। भारत की ओर से जेवलिन थ्रो में नीरज चोपड़ा ने गोल्ड, वेटलिफ्टर मीराबाई चानू और रेसलर रवि दहिया ने सिल्वर मेडल दिलाया। वहीं शटलर पीवी सिंधु, रेसलर बजरंग पूनिया, बॉक्सर लवलिना बोरगोहेन और पुरुष हॉकी टीम ने ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया।

### क्लोजिंग सेरेमनी की शुरुआत में आतिशबाजी हुई

क्लोजिंग सेरेमनी की शुरुआत आतिशबाजी से हुई। इसके बाद मंच पर मेजबान जापाना का झंडा लाया गया। इसके बाद सभी देशों के झंडे स्टेडियम में एक गोले में दिखाई दिए। धीरे-धीरे एथलीट्स भी स्टेडियम में आने लगे। यह शानदार दृश्य था, सिर्फ भारतीयों के लिए नहीं, बल्कि इसने दुनिया के सभी लोगों का दिल जीता।

## राष्ट्र को स्वयं से ऊपर मानने वाले प्रबुद्ध नागरिक ही सच्चे राष्ट्र निर्माताः नायडू

**नई दिल्ली (ए)।** उपराष्ट्रपति, एम.वेंकैया नायडू ने आज हॉकी जैसे पारंपरिक भारतीय खेलों के गौरव को पुनः हासिल करते हुए इस शीर्ष पर ले जाने का आह्वान किया। उन्होंने राज्य सरकारों और कॉरपोरेट संस्थाओं से इस दिशा में आवश्यक प्रोत्साहन के लिए मिलकर कार्य करने का आग्रह किया। उप-राष्ट्रपति निवास में आज सामाजिक कार्यकर्ता और राष्ट्रवादी श्री चमन लाल की स्मृति में डाक टिकट जारी करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि टोक्यो ओलंपिक में भारतीय हॉकी टीम के हालिया प्रदर्शन ने खेलों में रुचि को फिर से जगाया है और अब हॉकी और कबड्डी जैसे पारंपरिक भारतीय खेलों को व्यापक स्तर पर बढ़ावा देना का समय आ गया है। उन्होंने कृत्रिम टर्फ सहित बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और जमीनी स्तर पर प्रशिक्षण एवं प्रशिक्षकों की उपलब्धता को भी सुनिश्चित करने का आह्वान किया। श्री नायडू ने भारतीय खेलों के प्रति केन्द्र सरकार द्वारा दिए जा रहे सक्रिय प्रोत्साहन की भी सराहना की। दूसरों की आँख मूंदकर नकल करने की औपनिवेशिक



मानसिकता को त्यागने का आह्वान करते हुए,उपराष्ट्रपति ने कहा कि हमें अपनी महान परंपरा और संस्कृति पर गर्व महसूस करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारतीय हर क्षेत्र में प्रतिभा से संपन्न है और इस प्रतिभा के लिए बस सही प्रोत्साहन और समर्थन की आवश्यकता है। उपराष्ट्रपति ने श्री चमन लाल को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन निःस्वार्थ भाव से देश और लोगों की सेवा में समर्पित कर दिया। उन्होंने चमन लाल को एक महान राष्ट्रवादी और दूरदर्शी विचारक बताते हुए कहा कि उनके जीवन का दर्शन सेवा, मूल्यों और रचनात्मकता की विशेषता है।










# पचावली सिंध घाट किनारे रविवार को चांदी के सिक्के मिलने की खबर से लोगों की उमड़ी भीड़

शिवपुरी।





कोलारस परगने के रन्नौद थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम पचावली से मिली जानकारी के अनुसार सिंध नदी किनारे पर रविवार सुबह 6:00 बजे एक युवक शौच के लिए गया उसको उक्त जगह पर कुछ चांदी के सिक्के प्राप्त हुए इसके बाद पूरे गांव में चांदी के सिक्कों को लेकर अफवाह फैल गई लोगों ने उस जगह पर जाकर खुदाई की तो दो तीन सिक्के और भी उनको प्राप्त हुए 6 घंटे के बाद सूचना पर रन्नौद पुलिस मौके पर पहुंची तो जाकर लोगों से पूछताछ की किसी ने भी नहीं बताया कि हमें सिक्के मिले हैं। लेकिन उन क्षेत्रों का बना वीडियो वायरल हो गया जिससे पूरे क्षेत्र में सिक्कों को लेकर अफवाह फैल गई लोगों ने तो सिक्कों के फोटो खींचकर फेसबुक और व्हाट्सएप पर भी डाले हैं। जो कि उसमें विक्टोरिया महारानी का चित्र सिक्कों में दिखाई दे रहा है सिक्के चांदी के बताए जा रहे हैं करीब 30 से 50 सिक्के मिलने की जानकारी मिल रही है। लेकिन अभी तक पुष्टि नहीं हो पाई है ।

### इनका कहना है

हमें 12:00 बजे सूचना मिली तो हम मौके पर पहुंचे हमने देखा उस समय कोई भी नहीं था वहां पर गांव में जाकर लोगों से पूछा किसी ने इस बारे में नहीं बताया लेकिन फिर भी हम सूचना में लगे हैं यदि कोई मिलता है तो यह सब चांदी के जो सिक्के बताए जा रहे हैं वह सब ट्रेजरी में पहुचाये जाएंगे अंशुल गुप्ता थाना प्रभारी रन्नौद।

# शिवपुरी भ्रमण पर आए केंद्रीय मंत्री सिंधिया राहत एवं बचाव कार्यों को लेकर अधिकारियों के साथ की बैठक

शिवपुरी।

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया रविवार को शिवपुरी भ्रमण पर आये। उन्होंने राहत एवं बचाव कार्य के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली और निर्देश दिये। इस दौरान पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री महेंद्र सिंह सिसौदिया, ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, लोक निर्माण विभाग राज्यमंत्री सुरेश धाक? राठखे?ा, कोलारस विधायक वीरेंद्र रघुवंशी, महामंत्री रणवीर रावत, जिलाध्यक्ष राजू बाथम, अन्य जनप्रतिनिधिगण सहित संभागायुक्त आशीष सक्सेना, आईजी अविनाश शर्मा, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक और विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। केंद्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने निर्देश देते हुए कहा कि यह आपदा का समय है। इसलिए सभी अधिकारियों को सक्रिय होकर काम करना है। रेस्क्यू के बाद अब बा? प्रभावित ग्रामों में राहत पहुँचाना है। कोई भी व्यक्ति भूखा न रहे, उन्हें पका भोजन और राशन की व्यवस्था करें।



### डैशबोर्ड तैयार करने के निर्देश

केंद्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने डैशबोर्ड तैयार करने के निर्देश दिए हैं। एक डैशबोर्ड जिसमें जलाशयों, नदियों का जलस्तर की जानकारी अपडेट की जाये। मौसम विभाग का अनुमान भी प्रदर्शित किया जाये। एक डैशबोर्ड जिसमें भोजन, पेयजल, विद्युत व्यवस्था की जानकारी तैयार की जाये और एक डैशबोर्ड जिसमें बेघर लोग, जनहानि, पशुहानि, फसल क्षति और रोड, पुल, स्कूल, अस्पताल, आंगनवा?ी आदि की क्षति की जानकारी तैयार करना है।




### स्वास्थ्य शिविर लगाने के निर्देश

केंद्रीय मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने प्रभावित ग्रामों में स्वास्थ्य शिविर लगाने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा है कि जलजनित बीमारियों से लोग ग्रसित न हों इसलिए प्रभावित लगभग 450 ग्रामो में स्वास्थ्य शिविर लगाये। अगले 15 दिन में योजना बनाकर इन ग्रामों में स्वास्थ्य टीम पहुंचे।

### विद्युत व्यवस्था सुचारू की जाये

उन्होंने निर्देश दिए हैं कि ग्रामो में विद्युत व्यवस्था सुचारू की जाये। ट्रांसफॉर्मर, सबस्टेशन चैक करके सुधार करें।

### पेयजल व्यवस्था

बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों में पेयजल के साधन भी क्षतिग्रस्त हुए हैं। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाए। खराब हैंडपंप को सुधारा जाए।

### खाद्यान्न वितरण

केंद्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने शिवपुरी शहर में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत हितग्राहियों को खाद्यान्न वितरित किया।

# नेशनल लोक अदालत के संबंध में बैठक आयोजित

**शिवपुरी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार आगामी नेशनल लोक अदालत का आयोजन 11 सितम्बर 2021 द्वितीय शनिवार को किया जाएगा। इसी क्रम में प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष विनोद कुमार की अध्यक्षता में गत दिवस विद्युत विभाग, बीमा कंपनी के अधिकारीगण एवं अभिभाषकगण के साथ बैठक का आयोजन किया गया। इस मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक में विद्युत विभाग एवं बीमा कंपनियों के मुकदमापूर्व प्रकरण तथा न्यायालयों में लंबित प्रकरणों का निराकरण किये जाने हेतु पक्षकारों का समझाइश दी जाकर प्रकरण तैयार किए जाने के संबंध में चर्चा की गई। विद्युत विभाग के अधिकारियों द्वारा आश्वासन दिया गया कि पूर्व लोक अदालत की तुलना में इस बार अधिक प्रकरण निराकृत किए जाने का प्रयास किया जाएगा। नेशनल लोक अदालत में सभी प्रकार के समझौता योग्य प्रकरणों जैसे सिविल, फौजदारी, विद्युत, परिवार विवाद, श्रम, मोटर दुर्घटना, भू-अर्जन एवं राजस्व आदि का आपसी राजीनामा एवं समझौते के आधार पर निराकरण किया जाएगा। इसके अलावा चेक बाउंस, धन रिकवरी, श्रम विवाद, विद्युत एवं जल कर आदि के वाद पूर्व मामलों (प्रीलिटिगेशन स्तर पर) का निराकरण भी किया जाएगा। इसके साथ ही नेशनल लोक अदालत में विद्युत तथा नगरपालिका के जलकर एवं सम्पत्ति कर के न्यायालय में लंबित प्रकरणों तथा ऐसे मामले जोकि न्यायालय में लंबित नहीं है अर्थात प्रीलिटिगेशन (मुकदमा पूर्व मामले) प्रकरणों का भी निराकरण किया जावेगा। इसके साथ ही बैंक, विद्युत विभाग तथा नगरपालिका से संबंधित प्रीलिटिगेशन प्रकरणों में नियमानुसार छूट प्रदान की जाएगी। ऐसे पक्षकार जोकि दिनांक 11 सितम्बर, 2021 (द्वितीय शनिवार) को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में अपने प्रकरण का निराकरण कराना चाहते हैं, अपने नजदीकी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में संपर्क कर अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# मरीज मोना योगी के लिए अवतार बनकर प्रकट हुए अवतार सिंह

## अवतार ने हातोद से आकर दुर्लभ ए नेगेटिव ब्लड डोनेट कर दिया जीवनदान

शिवपुरी।

रक्तदान को महादान यूं ही नहीं कहा जाता यह दुनिया का सर्वश्रेष्ठ दान इसलिए भी माना जाता है कि यह व्यक्ति को जीने के लिए सांसे प्रदान करता है। ऐसे ही जिला हॉस्पिटल में भर्ती मरीज मोना योगी जिसका कुछ दिन पहले भी प्रसव हुआ था। उस समय भी ब्लड की आवश्यकता पड़ी तब जय माई मानव सेवा समिति के द्वारा ब्लड की व्यवस्था करा दी गई लेकिन चिकित्सक की सलाह पर ब्लड नहीं चढ़ाया गया। रविवार को एक बार फिर उसे ब्लड की आवश्यकता पड़ गई



और ब्लड ग्रुप था ए नेगेटिव जो अपने आप में अत्यंत दुर्लभ ब्लड ग्रुप है। मोना योगी के पति गोलू ने जब जय माई मानव सेवा समिति शिवपुरी के संचालक अमित गोयल से एक बार फिर ब्लड उपलब्ध कराने के लिए आग्रह किया तो अमित गोयल ने तत्काल ब्लड की व्यवस्था कराई बीते रोज सजल ढींगरा के द्वारा यह दुर्लभ अलर्ट डोनेट किया गया था रविवार को एक बार फिर हातोद गांव के रहने वाले अवतार सिंह द्वारा मोना योगी को रक्तदान किया गया मोना योगी के लिए अवतार सिंह किसी अवतार से कम नहीं थे। जिन्होंने पूरे सहर्ष भाव से ब्लड डोनेट किया और खुश होकर मोना योगी के बच्चे को हृदय से आशीर्वाद भी दिया। मोना योगी के पति गोलू योगी ने जय माई मानव सेवा समिति का आभार व्यक्त किया है।

# केंद्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने किया बाढ़ प्रभावित गांव का निरीक्षण



शिवपुरी।

केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया रविवार को शिवपुरी भ्रमण पर आए। इस दौरान उन्होंने राहत एवं बचाव कार्यों को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री श्री सिंधिया बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के भ्रमण पर निकले। उन्होंने ग्राम ?यावदा, नरवर के ग्राम पनघटा और पुला का निरीक्षण किया और ग्रामीणों से हालचाल जाना। केंद्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने कहा कि पिछले 50 वर्षों में इस बार इतनी अतिवृष्टि हुई है। जिससे शिवपुरी के कई गांव प्रभावित हुए हैं। बांध, जलाशय, नदियों का जलस्तर बढ़ने से कई गांव में जलभराव की स्थिति निर्मित हो गई जिससे ग्रामीणों को समस्या का सामना करना पढ़ रहा है लेकिन ग्रामीणजन परेशान ना हो उन्हें हर संभव मदद की जाएगी। उन्होंने कहा कि किसानों की जो भी क्षति हुई है उसका टीम द्वारा सर्वे किया जाएगा और किसानों को राहत पहुंचाई जाएगी। साथ ही अधिकारियों को बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए भोजन, पेयजल व्यवस्था सुव्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। इस दौरान ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, लोक निर्माण विभाग राज्यमंत्री सुरेश राठखेड़ा, जिलाध्यक्ष राजू बाथम, पूर्व विधायक जसमन्त जाटव भी उनके साथ मौजूद रहे।



# बाबा गोरखनाथ का हरियाली अमावस्या पर किया गया डॉक्टर स्वरूपी श्रंगार







शिवपुरी।

*रविवार को हरियाली अमावस्या के पवन अबसर पर बाबा गोरखनाथ मन्दिर शिवपुरी सेवा समिति के सदस्यों ने बाबा गोरखनाथ का कोरोना काल मे चल रही महामारी को देखते हुए डॉक्टर स्वरूपी श्रंगार किया साथ ही बाबा से कोरोना जैसी महामारी से इस दुनिया को मुक्त करने एवं संसार मे चल रहे समस्त दुखो को दूर करने को लेकर बाबा गोरखनाथ की पूजा अर्चना करते हुए गोरखनाथ सेवा समिति के सभी भक्तों ने बाबा का आशिर्वाद प्राप्त कर हरियाली अमावस्या के अबसर पर बाबा गोरखनाथ सेवा समिति के सदस्य शुभम मामा, अमन गोयल, मनोज गुप्ता, दीपांशु, सुनील जैन, जुगल गुप्ता, नीरज शर्मा, मधुर गोयल, प्रांशुल अग्रवाल, सारांश जैन, रवि गुप्ता, अनिल गुप्ता के द्वारा बाबा का डॉक्टर स्वरूपी श्रंगार कर वृक्षारोपण किया गया तथा बृक्ष को ब? होने तक की पूरी जिम्मेदारी एवं सुरक्षा का पर्ण लिया गया।*

# इनर व्हील क्लब शिवपुरी ने बाढ़ प्रभावित लोगों को भोजन के पैकेट और वस्त्र वितरित किए



**शिवपुरी।** शहर में आई बाढ़ से कई परिवार पीड़ित हुए हैं।उनकी सहायता हेतु इनर व्हील क्लब शिवपुरी द्वारा भोजन के पैकेट और वस्त्र वितरण का कार्यक्रम 7 अगस्त शनिवार दोपहर 3:00 बजे कत्थामिल के पास नोहरिकला मे किया जिसमे उन्होने बाढ़ प्रभावित लोगो को भोजन के पैकेट,पहनने के लिए वस्त्र वितरित किए गए। जिसमे कविता बिंदल , मृदुला राठी , भारती भार्गव , रखी जैन , अलका सांड , नीतू गोयल , समाज सेवी नीतू जैन उपस्थित रही।

## संक्षिप्त समाचार

### सहकारिता मंत्री डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया का एक दिवसीय दौरा आज

**भिण्ड** /सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन विभाग के मंत्री डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया 09 अगस्त 2021 को एक दिवसीय प्रवास पर अटेर क्षेत्र के बाढ प्रभावित ग्रामों का दौरा करेंगे। सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया 09 अगस्त 2021 को प्रातः7.30 बजे अटेर क्षेत्र के ग्राम सिहुंडा, परा, अटेर में बाढ राहत के संबंध में जिला प्रषासन के अधिकारियों से चर्चा, मुकुटपुरा, नावली वृन्दावन, चौम्हो, कोषण, चिलोंगा आदि ग्रामों का अवलोकन करने के उपरांत सायं 5.30 बजे भिण्ड से कार द्वारा भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

### हारजीत का दाव लगाते हुए आधा दर्जन से अधिक जुआरी गिरफ्तार

भिण्ड। असवार थाना क्षेत्र के ग्राम जैतपुरा में हारजीत का दाव लगाते हुए पुलिस ने आधा दर्जन से अधिक जुआरियों को हिरासत में लिया है और उनके पास से एक ताश की गड्डी सहित नगदी जब्त की। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार शनिवार रात 9.04 बजे ग्राम जैतपुरा में महुवन का बाग में जुआरी हारजीत का दाव लगा रहे थे जिसकी मुखबिर जरिए सूचना मिलते ही दबोचकर हिरासत में लिया और जुआरियों से एक ताश की गड्डी सहित एक प्लास्टिक की बोरी व नगदी 16 हजार 300 रुपये जब्त किये। पुलिस ने आरोपीगणों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

### 5 लीटर कच्ची हाथ भट्टी की शराब, 17 क्वार्टर शराब जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार

भिण्ड। जिले के दो अलग-अलग थाना क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री चल रही थी, पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर दोनों जगह से अवैध शराब जब्त कर दो आरोपियों को हिरासत में लिया है। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार दबोह थाना क्षेत्र के बड़ागांव की बंबा की पुलिया के पास शनिवार रात 8 उर्मिला पत्नी प्रमोद कंजर निवासी करधन कला में अवैध शराब की बिक्री करते हुए दबोच लिया और उसके पास से 5 लीटर कच्ची शराब हाथ भट्टी की शराब, कीमत 500 रुपये। इसी तरह फूप थाना क्षेत्र के ग्राम बरही वाई पास तिराहा के पास शहाबुद्दीन उर्फ छोटू पुत्र मुजीब रहमान खान निवासी चंदूपुरा देहात के पास से शनिवार शाम 7.40 बजे 17 क्वार्टर देशी मसालेदार शराब कीमत 1 हजार 700 रुपये की जब्त की। पुलिस ने आरोपीगणों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर लिया है।

### उधारी के पैसे मांगने को लेकर विवाद, क्रॉस मामला दर्ज

भिण्ड। ऊमरी थाना क्षेत्र के वार्ड नं.3 में उधारी के पैसे मांगने को लेकर दो पक्षों में झगड़ा हो गया, दोनों लोगों ने एक दूसरे को गाली-गलौज करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने दोनों की फरियाद पर क्रॉस मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार शनिवार शाम 7.30 बजे रिंकू पुत्र बाबूराम दौहरे निवासी वार्ड क्र.3 ने बताया उधारी के पैसे मांगने को लेकर विकास, जितेन्द्र अरुण, आकाश, छोटेलाल दौहरे निवासी अकोड़ा वार्ड नं.3 ने एकराय होकर मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। इसी तरह दूसरे पक्ष के फरियाद जितेन्द्र पुत्र जयराम दौहरे ने बताया उनके साथ भी आरोपी राजकुमार, रिंकू, अरुण, अमरसिंह, जगतसिंह दौहरे निवासी वार्ड क्र.3 ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने दोनों पार्टियों पर क्रॉस कायमी कर ली है।

### ग्राम पंचायत विरगवाँ रानी के सरपंच, सचिव के फर्जीवाड़ा का हुआ पर्दाफाश

भिण्ड। ग्राम पंचायत विरगवां में सरपंच, सचिव का फर्जीवाड़ा उजागर हुआ। ग्राम पंचायत में मनरेगा के तहत दो पहुंच मार्ग 50 लाख रूपये के स्वीकृत किये गये थे जिनका निर्माण कार्य मनरेगा से न करते हुए मशीनीकरण के द्वारा किया जा रहा था। जिसकी शिकायत ग्रामीणजनों ने जनपद सीईओ से की। ग्रामीणजनों की शिकायत पर मनरेगा के तहत किये जा रहे निर्माण कार्य मार्ग मिडिल स्कूल से रानी का ताल एवं रानी के ताल से सिंगीराम का पुरा की जांच के आदेश दे दिये।

# ओला पीड़ित किसानों की राशि फर्जी खातों में डालकर भ्रष्टाचार करने वाले पटवारी और खातेदार पुलिस गिरफ्त से बाहर

### अपराध दर्ज होने के बाद भी पुलिस ने नही की कोई ठोस कार्यवाही

### किसानों ने की मांग कहा निष्पक्ष हुई जांच तो पिछले तीन वर्षों में 20 करोड़ से अधिक का उजागर होगा ओला घोटाला

### घोटाला उजागर करने वाले अधिकारियों को जांच से हटाए जाने का षड्यंत्र जारी

**ब्यूरो रिपोर्ट, पुष्पांजली टुडे**




गोहद तहसील अंतर्गत आने वाले तीन दर्जन के आस पास ग्रामों में वर्ष 2020 में हुई ओलावृष्टि से हजारों किसानों की फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई थी सरकार द्वारा मौका स्थल पंचनामा के आधार पर ओला प्रभावित क्षेत्र के किसानों को ओला राहत राशि लगभग 32 करोड स्वीकृत की गई थी यह राशि सही किसानों के खाते में ना जाते हुए फर्जी खातों में पहुंचाई गई किसान जो हकीकत में ओला प्रभावित था जिसकी फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई थी उसके खाते में शासन से मिलने वाली आर्थिक मदद आज दिन तक नहीं पहुंच सकी है जब इस बात की शिकायत आना प्रारंभ हुई तो उन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम शुभम शर्मा तहसीलदार रामजी लाल वर्मा ने तत्काल 6 सदस्य दल गठित किया जिसमें राजस्व निरीक्षक विनोद सिंह तोमर नरेंद्र सिंह सिकरवार बलवीर सिंह भदोरिया पटवारी अतर सिंह कुशवाहा गजेंद्र सिंह नरवरिया द्वारा सर्व प्रथम ग्राम पंचायत तुकेडा के मजरा झावल पुरा चक सर्वा धमसा का पुरा आदि में जांच प्रारंभ की तो सभी अधिकारी और कर्मचारी घबरा गए शिकायत सही पाई गई फर्जी किसानों के खातों में कई बार रुपए डाले गए तभी ग्राम पंचायत बरौना के मजरा केथोदा के 38 किसानों ने भी ओलावृष्टि में फसल का मुआवजा न मिलने की शिकायत की तो एस,डी,एम ने वहां भी पुनः दल बनाकर जांच प्रारंभ कराई तब इनके भ्रष्टाचार की कहानी सबके सामने आ गई किसानों को दी जाने वाली राहत राशि पटवारी और तहसील के अन्य अधिकारी कर्मचारियों की सांठगांठ से फर्जी खातों में डाली गई फर्जी खातों में डालने का क्रम कुछ इस प्रकार रहा खाता धारक का नाम सही बैंक पासबुक सही केवल उसका खाता नंबर एडिटिंग कर दिया गया सब ट्रेजरी कार्यालय में भी फर्जी एडिटिंग किए गए खाते में राशि डाल दी गई

### झूठी कहानी बताकर अधिकारी और राजनेताओं को किया जा रहा है गुमराह

कुछ लोग जांच को प्रभावित करने के उद्देश्य से घोटाले को उजागर करने वाले अधिकारियों को इस ओला घोटाले में संलिप्त करने का प्रयास कर रहे हैं उनका उद्देश्य है कि यह मामला किसी गहरी लंबी जांच में चला जाए और अन्य घोटालों की तरह यह मामला भी फाइलों में दब जाए यही कारण है कि रोज नित्य नए-नए घटनाक्रम इस मामले में जुड़ रहे हैं पिछले वर्षों में ओला वितरण में इससे और बड़ा घोटाला सामने आ सकता है ओला घोटाला करने वाले पटवारी कुलदीप ,निशांत , संजीव दीक्षित से एसडीएम शुभम शर्मा तहसीलदार रामजी लाल वर्मा द्वारा फर्जी तरीके से किसानों के खातों में डाली गई राशि कि जब जानकारी ली गई तो तीनों पटवारियों ने उपरोक्त राशि जमा करने का दिया आश्वासन और बाद में कुलदीप जाटव ने लगभग ?65 लाख और निशांत खरे ने लगभग 35 लाख रुपए और संजीव दीक्षित ने लगभग ?5 लाख शासन के खजाने में जमा करा दिए हैं शेष पैसा पटवारियों द्वारा जमा कराए जाने का क्रम चली ही रहा था कि तभी मामला प्रदेश के पूर्व मंत्री डॉक्टर गोविंद सिंह ने विधानसभा में लगा दिया और प्रेस वार्ता कर मामला जनमानस के बीच खुलासा कर दिया स्थानीय प्रशासन ने तत्काल दोनों पटवारी कुलदीप और निशांत खरे के विरुद्ध थाना गोहद में 420 गमन का अपराध दर्ज करा दिया संजीव दीक्षित को तत्काल निलंबित कर दिया और अन्य पटवारी रामनिवास लोहिया और संजय जरारिया के विरुद्ध ओलावृष्टि की जांच प्रारंभ कर दी गई है

ज्ञात रहे कि वर्ष 2020 में लगभग 42 ग्रामों में ओलावृष्टि हुई थी जिसमें लगभग 18 पटवारियों ने ओला राहत राशि वितरित कराई थी यह सभी लोग जांच के घेरे में हैं तहसील कार्यालय में विशेष सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सभी लोगों की बड़ी बारीकी से जांच संचालित है रात दिन यही कार्य चल रहा है सूत्र बताते हैं कि जांच करने वाले अधिकारियों को षडयंत्र पूर्वक भ्रष्टाचार करने वाले लोग हटाने की जुगाड़ में लगे हुए हैं अब देखना है सत्ता और संगठन क्या दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही करने वाले अधिकारियों के साथ है या भ्रष्टाचार करने वाले लोगों के साथ है

दोनों पटवारियों के विरुद्ध गोहद थाने में अपराध दर्ज होने के बाद संपूर्ण रिकॉर्ड थाने में पहुंच चुका है लेकिन अभी तक पुलिस द्वारा कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई है

राजस्व विभाग के कुछ जानकारों की मानें तो पता चला है कि पिछले तीन वर्षों में हुई ओलावृष्टि की राहत राशि में इस तरह की गड़बड़ी बड़े पैमाने पर की गई है अगर वरिष्ठ अधिकारी इस ओर ध्यान दें और इस मामले की गंभीरता से जांच की जाए तो अकेले गोहद तहसील में ओलावृष्टि ?20 करोड़ का घोटाला उजागर होगा जिसमें सैकड़ों लोग इस प्रकरण में संलिप्त पाए जाएंगे

एक सैकड़ा से अधिक खाते ऐसे हे जिनके खातों में 1लाख से लेकर ?5लाख तक की राशि कई बार डाली गई है पति-पत्नी पिता माता साली जीजा भाई भतीजा भाभी सास ससुर साले व्यापारी आदि लोगों के खातों में पहुंचाई गई है राशि

भिंड ग्वालियर एवं अन्य स्थानों के खातों में भी डाली गई है गोहद के ग्रामीण किसानों की ओलावृष्टि की राशि

सही किसानों की राशि जिन लोगों के फर्जी खातों में डाली गई है उनकी सूची भी गोहद थाने में एफ आई आर के साथ संलग्न है सूची में कई नामचीन लोगों के नाम हैं शामिल जो नगर और ग्रामीण अंचल में चर्चा का विषय बने हुए हैं।

किसानों के साथ धोखाधड़ी कर उनकी ओलावृष्टि राशि दूसरों के खातों में डाले जाने का मामला मेरे संज्ञान में आ चुका है मामला उजागर करने वाले अधिकारियों को तब तक उसी काम में लगाए रखा जाएगा जब तक की जांच पूर्ण नहीं होगी दोषी व्यक्तियों को बख्शा नहीं जाएगा चाहे वह कितना भी बड़ा आदमी हो अन्य देवता के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा

**डॉ अरविंद भदौरिया सहकारिता मंत्री मध्य प्रदेश शासन**

---

तहसीलदार रामजी लाल वर्मा द्वारा 2 पटवारियों के विरुद्ध ओलावृष्टि में किए गए गमन का अपराध दर्ज कराया गया है मामला दर्ज कर जांच विवेचना में जा जारी है

**गोपाल सिकरवार ,थाना प्रभारी गोहद**

---

ओला प्रभावित किसानों की राशि फर्जी खातेदारों के खातों में डाली गई है इस बात की जांच में पुष्टि हुई संबंधित पटवारियों के विरुद्ध निलंबित कर विभागीय जांच प्रारंभ की गई है साथ ही उनके विरुद्ध गबन का अपराध थाना गोहद में दर्ज कराया गया है सही किसानों के खातों में पटवारियों द्वारा जमा की गई राशि डाले जाने की कार्यवाही संचालित है शेष अन्य पटवारियों की जांच भी प्रारंभ है

**शुभम शर्मा ,एस डी एम गोहद**

## नपा की उदशहीनता से आवारा गायों का हाल बेहाल : चौहान

### नगर परिषद से की गाय को कांजी हाउस में रखवाने की मांग



भिण्ड। मिहोना नगर के वार्ड क्रमांक 10 में घायल अवस्था मे मिली गाय को गौ भक्तों ने उसको सुरक्षित बाहर करके उसका किया उपचार वहीं कुछ ग्रामीणों ने नगर परिषद सीएमओ डीपी शर्मा को भी फोन से सूचना दी गई लेकिन सीएमओ साहब का फोन उठा नही। जब नपा के अन्य कर्मचारी से सम्पर्क किया तब भी गाय की कोई सुरक्षा व्यवस्था नहीं करवाई गई, वहीं एक घायल गाय की सुरक्षा के लिए भी कोई नजर नही आया उस घायल गाय को गौ भक्तों ने किया उपचार गाय पशु नहीं देव तुल्य है दया सहानुभूति का गाय के दिल में अपार भंडार है एक और जहां समाज प्रशासन के जिम्मेदार लोग गायों की दुर्दशा के हालात को नजरअंदाज कर रहे है मरती तड़पती गायों की पुकार अनसुनी कर रहे है वहीं दूसरी ओर साथी घायल गाय की सुरक्षा में गायों का पूरा झुंड खड़ा है यदि मनुष्य भी गौ माता के प्रति अपने धार्मिक कर्तव्य का निर्वहन करने लगे तो दुर्दशा के हालात खत्म हो जाएंगे गाय सुखी रहेगी तो मनुष्य सुखी रहेगा देश में सुख शांति समृद्धि स्थापित होगी जीव दया जीव दया सो.मम.दया । घायल गाय खुले खेत में डली है कड़कड़ाती गर्मी और धूप का कष्ट सह रही है। गौरव चौहान ने प्रशासन से आग्रह करते हुए कहा कि घायल गाय को कांजी हाउस में सुरक्षित रखवाया जाए जिससे उसका ठीक से उपचार और चारे पानी की देखरेख की व्यवस्था हो सके। घायल गाय के उपचार कराने में गौरव सिंह के साथ मन्नू गोश्वामी, नागेंद्र सिंह राजावत, मोहित रजक, हर्षित गुप्ता आदि साथ रहे।

## नर्मदेश्वर भगवान भोलेनाथ की स्थापना पर उमड़ा जन सैलाब

### धूम धाम से निकाली गई भगवान नर्मदेश्वर जी की शोभा यात्रा



भिण्ड। मिहोना नगर में नर्मदेश्वर भगवान भोलेनाथ नर्मदेश्वर की परिवार सहित नगर में भव्य शोभा यात्रा बड़े ही धूम धाम के साथ निकाली यह यात्रा नगर के मुख्य मार्ग होते हुए मिहोना नगर के हृदय स्थल गांधी तिराहा पहुंची जहां रास्ते मे नगर के लोगों द्वारा भगवान नर्मदेश्वर के परिबार व भक्तों पर पुष्प बर्षा की जगह - जगह रास्ते मे प्रसाद वितरण किया गया एवं नगर के उरई रोड होते हुए नगर के ऐतिहासिक धाम गथाई धाम होते हुए काली माता मंदिर से निकलती हुई नगर के आनंदेश्वर मंदिर लहार रोड होते हुए मछरिया रोड स्थित वार्ड क्रं. 12 नर्मदेश्वर मंदिर पर पहुंची भगवान की शोभा यात्रा बड़े ही धूमधाम से निकाली गई। भगवान श्री नर्मदेश्वर जी की प्राण प्रतिष्ठा की शोभा यात्रा में कई भक्त भक्ति में झूमते हुऐ नजर आए शोभा यात्रा के साथ में श्री वृन्दावन धाम से पधारे हुऐ आचार्य पंडित राजेश शास्त्री जी, दिनेश शास्त्री जी, रामजीलाल शास्त्री जी, श्री कांत शास्त्री जी, विकास शास्त्री जी, ने वैद मंत्रों द्वारा भगवान का पूजन एवं महाअभिषेक कराया इस दौरान नगर ग्रामीणों की भारी भीड़ मौजूद रही।

# बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रो में मलेरिया टीम द्वारा मलेरिया से बचने के दिए सुझाव





### टीम द्वारा बाढ ग्रस्त क्षेत्रों में दवा का किया छिडकाव

भिण्ड । बाढ ग्रस्त क्षेत्र भारौली खुर्द, अडोखर में जिला मलेरिया अधिकारी डॉ बीआर आर्य के निर्देशन में जिला मलेरिया टीम द्वारा मलेरिया, डेंगू, चिकुनगुनिया नियंत्रण हेतु प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई कार्यवाही में पायरेथम एवं टेगोफॉष का छिडकाव किया गया। बुखार के रोगियों को मलेरिया जांच किट द्वारा जांच की गई। सभी घरों का लार्वा सर्वे एवं लार्वा विनिष्टिकरण का कार्य किया गया। जनसमुदाय को मलेरिया, डेंगू, चिकिनगुनिया से बचाव एवं उपचार की जानकारी हेतु ग्रामीणजनो को पम्पलेट का वितरण किया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अजीत मिश्रा एवं जिला मलेरिया अधिकारी डॉ बीआर आर्य द्वारा जनसमुदाय से अपील की गई है कि मलेरिया, डेगूं, चिकिनगुनिया से बचाव हेतु सार्वधानी बरती जाना अति आवष्यक है जैसे-मच्छर से बचने के लिए पूरे बांह के कपडे पहने, सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें। सोते समय मच्छर भगाने वाली अगरबत्ती रैपिलेट आदि का उपयोग करें। घर के आसपास गड्डो में पानी जमा न होने दे, यदि गड्डे के पानी निकासी किया जाना संभव नह हो तो जला हुआ आयल अथवा मिट्टी का तेल डाल दें, घर में पानी से भरे हुए वर्तन टंकी, मटका, बाल्टी आदि को अच्छी तरह डककर रखे तथा कूलर, टंकी, मटका, बाल्टी आदि का पानी सप्ताह में एक बार अवष्य बदलते रहे तथा सुखाकर ही दुबारा भरे, पानी में छोटे-छोटे कीडे लार्वा दिखाई दे तो सूखी जगह पर पानी को फैला दें। यह भी सावधानी रखे कि परिवार के किसी व्यक्ति को मलेरिया, डेंगू, चिकुनगुनिया, बुखार आने पर आवष्यक रूप से मच्छरदानी में ही सुलाये, अन्यथा घर के अन्य सदस्य को भी संक्रमण हो सकता है।

## जैन महाविद्यालय में हरियाली महोत्सव का आयोजन हुआ एनसीसी, एनएसएस के कैडेट्स ने रोपें पौधें



भिण्ड। जैन महाविद्यालय में रविवार को हरियाली अमावस्या के अवसर पर हरियाली महोत्सव का आयोजन किया गया। इसी क्रम में राष्ट्रीय छात्र सेना एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कैडेट्स ने संयुक्त रूप से विभिन्न प्रकार के पौधें रोपें जिनमें आम, नीम, पलाष, कदम्ब, बरगद, सागौन आदि प्रमुख रहें। सामूहिक रूप से एएनओ एनसीसी लें. संजय राना ने सभी कैडेट्स को सम्बोधित करते हुए, पर्यावरण को अनुकूल बनाने के लिए वृक्षों के महत्वता बतलाई। साथ ही प्रो. सीमा शर्मा ने वृक्षारोपण करवाने के साथ उनको निरंतर पानी देने का संकल्प भी दिलाया। इस कार्यक्रम में कैडेट्स चरण सिंह, कपिश, आदर्श, अंकित सिंह आदि के साथ ही करीब एक सैकड़ा छात्र उपस्थित रहें।

## मंदिर पर हमला

पाकिस्तान में एक बार फिर से मंदिर को निशाना बनाया गया है। मामला पंजाब प्रांत के सादिकाबाद जिले के भोंग शरीफ गांव का है, जहां सिद्धिविनायक मंदिर में बुधवार शाम जमकर तोड़फोड़ की गई। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है। यह घटना इतनी गंभीर है कि भारत के साथ वहां की सुप्रीम कोर्ट ने भी इसे संज्ञान में लिया है। वीडियो में देखा जा सकता है कि उपद्रवी अचानक मंदिर के अंदर लाठी-डंडे के साथ घुसते हैं और तोड़फोड़ शुरू कर देते हैं। बेकाबू भीड़ ने मंदिर के कांच तक तोड़ दिए, जिनके पीछे मूर्तियां रखी हुई थीं। उपद्रवियों ने मंदिर के कई हिस्सों को नुकसान पहुंचाया है। घटना के बाद इलाके में बड़े पैमाने पर पुलिस बल को तैनात कर मामले की जांच कर रही है। इससे पहले पिछले साल दिसंबर में खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सौ से अधिक लोगों की भीड़ ने एक हिंदू मंदिर में तोड़फोड़ के बाद आग लगा दी थी। घटना करक जिले के टेरी गांव की थी, जहां स्थानीय मौलवियों की अगुवाई में भीड़ ने मंदिर को नष्ट कर दिया था। इस मामले में कट्टरपंथी जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम पार्टी के नेता रहमत सलाम खट्टक समेत 30 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। ताजा घटना किसके इशारे पर की गई, यह सामने आना बाकी है। जिस तरह से भीड़ को उकसाया गया, वह त्वरित होने वाली कार्रवाई नहीं है। पूरी योजना के साथ मंदिर को नष्ट करने का काम किया गया। इस घटना के बाद भारत सरकार ने दिल्ली में पाकिस्तान उच्चायोग के अधिकारी को बुला कर अपना कड़ा विरोध दर्ज करवाया और सख्त कदम उठाने को कहा। लेकिन सवाल है कि क्या पाकिस्तान ऐसा करने वालों के खिलाफ कोई कदम उठाएगा? यह पहला मौका नहीं है जब पाकिस्तान में भीड़ ने किसी मंदिर को ढहा दिया हो। अब तक पाकिस्तान में सैकड़ों मंदिरों के साथ यही हुआ है। भीड़ ने जिस मंदिर को नुकसान पहुंचाया है,, उसे गिराने की कोशिशें पहले भी हो चुकी हैं। इससे साफ है कि यह मंदिर लंबे समय हमलावरों के निशाने पर था। इस गांव में राजनीतिक पार्टी जमीयत उलेमा-ई-इस्लाम-फज्ल की रैली में कट्टरपंथी नेताओं ने भीड़ को मंदिर ढहाने के लिए उकसाया। ताजा घटना से साफ है कि मंदिर को गिराने का यह कृत्य सुनियोजित था। यह भी सच्चाई है कि कहीं भी स्थानीय लोग इस तरह की घटनाओं को अंजाम नहीं देते हैं। वरना अब तक को यह मंदिर कभी का साफ हो चुका होता। दूसरे धर्मों के लोगों के प्रति घृणा फैलाने का काम कट्टरपंथी ताकतें ही करती हैं। ऐसी ताकतों को सत्ता का पूरा संरक्षण हासिल रहता है। मंदिर या दूसरे धार्मिक स्थलों को नुकसान पहुंचाने के मामले में आज तक किसी के भी खिलाफ कोई कार्रवाई हुई हो, ऐसा देखने में नहीं आया है। दरअसल धार्मिक स्थलों पर हमले और जबरन धर्म परिवर्तन की घटनाओं को अंजाम इसलिए दिया जाता है ताकि अल्पसंख्यक समुदायों में दहशत बनी रहे, वे डरे-सहमे रहें और अपने अधिकारों को लेकर कोई मांग न करें, सरकार के खिलाफ आवाज न उठा सकें। इसमें कोई आश्चर्य नहीं होना चाहिए कि ऐसी घटनाओं को पाकिस्तान सरकार की मौन स्वीकृति होती है। धार्मिक स्थलों को निशाना बनाने, अल्पसंख्यकों का उत्पीड़न करने जैसी घटनाएं किसी भी सभ्य देश की पहचान नहीं होतीं। इनसे देश में भाईचारा पैदा नहीं देता। लोगों को आपस में लड़ा कर सरकारें अपने हित साधती हैं। जो देश अपने को मजबूत लोकतंत्र होने का दावा करते हैं उनमें तो इस तरह की घटनाएं और शर्मनाक हैं। अपने नागरिकों को धार्मिक आजादी प्रदान करने के मामले में वैसे भी पाकिस्तान बदनाम मुल्क के रूप में जाना जाता रहा है।

# (अंतर्राष्ट्रीय दिवस 9 अगस्त) विश्व आदिवासी दिन

**अरविन्द प्रेमचंद जैन**

विश्व आदिवासी दिवस, विश्व में रहने वाली पूरी आबादी के मूलभूत अधिकारों (जल, जंगल, जमीन) को बढ़ावा देने और उनकी सामाजिक, आर्थिक और न्यायिक सुरक्षा के लिए प्रत्येक वर्ष 9 अगस्त को विश्व के आदिवासी लोगों का अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाया जाता है। यह घटना उन उपलब्धियों और योगदानों को भी स्वीकार करती है जो मूलनिवासी लोग पर्यावरण संरक्षण, आजादी, महा आंदोलनों, जैसे विश्व के मुद्दों को बेहतर बनाने के लिए करते हैं। यह पहली बार संयुक्त राष्ट्र की महासभा द्वारा दिसंबर 1994 में घोषित किया गया था, 1982 में मानव अधिकारों के संवर्धन और संरक्षण पर संयुक्त राष्ट्र कार्य समूह की मूलनिवासी आबादी पर संयुक्त राष्ट्र कार्य समूह की पहली बैठक का दिन।

### इतिहास

विश्व के आदिवासी लोगों का अंतर्राष्ट्रीय दिवस पहली बार संयुक्त राष्ट्र की महासभा द्वारा दिसंबर 1994 में घोषित किया गया था, जिसे हर साल विश्व के आदिवासी लोगों (1995-2004) के पहले अंतर्राष्ट्रीय दशक के दौरान मनाया जाता है। 2004 में, असेंबली ने ÷ए डिसैड फॉर एक्शन एंड डिग्निटी÷ की थीम के साथ, 2005-2015 से एक दूसरे अंतर्राष्ट्रीय दशक की घोषणा की। आदिवासी लोगों पर संयुक्त राष्ट्र के संदेश को फैलाने के लिए विभिन्न देशों के लोगों को दिन के अवलोकन में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। गतिविधियों में शैक्षिक फोरम और कक्षा की गतिविधियाँ शामिल हो सकती हैं ताकि एक सराहना और आदिवासी लोगों की बेहतर समझ प्राप्त हो सके।

23 दिसंबर 1994 के संकल्प 49/214 द्वारा, संयुक्त राष्ट्र महासभा ने निर्णय लिया कि विश्व के आदिवासी लोगों के अंतर्राष्ट्रीय दशक के दौरान अंतर्राष्ट्रीय आदिवासी लोगों का अंतर्राष्ट्रीय दिवस हर साल 9 अगस्त को मनाया जाएगा। पहली बैठक के दिन, 1982 में मानव अधिकारों के संवर्धन और संरक्षण पर संयुक्त राष्ट्र कार्य समूह की आदिवासी आबादी पर अंकन का दिन है।

**प्रतीक**

बांग्लादेश के एक चकमा लड़के रेवांग दीवान द्वारा कलाकृति को संयुक्त राष्ट्र स्थायी मुद्दे पर दृश्य पहचानकर्ता के रूप में चुना गया था। यह विश्व के आदिवासी लोगों के अंतर्राष्ट्रीय दिवस को बढ़ावा देने के लिए सामग्री पर भी देखा गया है। यह हरे रंग की पत्तियों के दो कानों को एक दूसरे का सामना करते हुए दिखाई देता है और एक ग्रह पृथ्वी जैसा दिखता है। ग्लोब के भीतर बीच में एक हैंडशेक (दो अलग-अलग हाथ) की तस्वीर है और हैंडशेक के ऊपर एक लैंडस्केप बैकग्राउंड है। हैंडशेक और लैंडस्केप बैकग्राउंड को ग्लोब के भीतर ऊपर और नीचे नीले रंग से समझाया गया है।

विश्व के समस्त देशों में इस दिवस को मनाया जाने लगा किन्तु अफसोस ! भारत की सरकारों ने मूलनिवासियों के साथ धोखा करते हुए भारत में इस दिन के बारे में आज तक किसी को नहीं बताया और ना ही आज तक मनाया। जबकि हृह ने पुनः 16 दिसंबर 2004 से 15 दिसंबर 2014 तक फिर ÷दूसरा मूलनिवासी दशक÷ घोषित किया। जेनेवा के सम्मेलन में भारत सरकार ने अपने प्रतिनिधि के रूप में डा बाबासाहेब अम्बेडकर के सगे पौत्र मा प्रकाश अम्बेडकर द्वारा हृह को यह अवगत कराया कि ÷भारत में संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा परिभाषित देशज लोग अर्थात मूलनिवासी भारतीय लोग ही ही नहीं है और यहाँ के अनुसूचित जाति, जन जातियों से किसी भी प्रकार का सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक व शैक्षिक पक्षपात हो रहा हैं।÷

इस प्रकार संयुक्त राष्ट्र संघ में ग्लोबल इकनॉमी के संबंध में मूलनिवासियों को जो प्रतिनिधित्व मिलने वाला था, उसे मनुवादियों ने अपने में से एक एक मूलनिवासी के द्वारा ही समाप्त कर दिया। हृह द्वारा पिछले 22 वर्षों से निरन्तर विश्व मूलनिवासी दिवस मनाया जा रहा है, किन्तु भारत के मूलनिवासी बहूजनो को इसकी कोई जानकारी नहीं है। इसी के मद्देनजर अन्तर्राष्ट्रीय मंच पर मूलनिवासियों की समस्याओं को मजबूती के साथ रखने की पूर्व तैयारी के सन्दर्भ में ही बामसेफ के राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष मा वामन मेश्राम जी ने 23 जुलाई 2016 को लंदन (इंग्लैंड), 26 जुलाई 2016 को पेरिस (फ्रांस) व 01 अगस्त 2016 को रोम (इटली) में बामसेफ द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय सेमिनारों का आयोजन किया। इन्हीं दबावों से उबरने की कड़ी में ऋस्र प्रमुख मोहन भागवत अभी अभी लन्दन में बोल कर आये है कि हिन्दु नामक कोई धर्म नहीं बल्कि यह एक परम्परा है।



हृह की स्थापना 24 अक्टूबर 1945 को हुई एवं इसका मुख्यालय न्यूयार्क में है तथा वर्तमान में इसके 193 देश सदस्य हैं। भारत यूएनओ का 30 अक्टूबर 1945 से सदस्य है। विश्व मूलनिवासी दिवस 9 अगस्त को आपस में ÷हैप्पी मूलनिवासी डे÷ की हार्दिक शुभकामनाएं एक दूसरे को देते हुए हक अधिकार प्राप्त करने के लिए संघर्ष का शंखनाद करें।

9 अगस्त को हृह द्वारा वर्ल्ड इंडिजेनस डे मनाया जा रहा है। इंडिजीनियस का मतलब होता है मूलनिवासी, परन्तु भारत की सरकारें हमारे लोगों में ही भेद करने मतलब, विभाजन करने, मतलब षडयंत्र करने के लिए इंडीजीनियस पीपुल का हिन्दी अनुवाद मात्र आदिवासी के नाम पर करके एससी / एसटी / ओबीसी और आदिवासी को अलग अलग करने का षडयंत्र कर रही है। विज्ञान के अकाट्य प्रमाण डीएनए टेस्ट जिसकी रिपोर्ट टाइम्स आफ इंडिया में 21 मई 2001 में छपी, जिसके अनुसार एससी / एसटी / ओबीसी और उससे धर्म परिवर्तित अल्पसंख्यक ही भारत के मूलनिवासी है, और ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य यह विदेशी युरेशियन नस्ल के हैं, मतलब विदेशी हैं।

परन्तु षडयंत्र यह किया जा रहा है कि, जब यूएनओ द्वारा 9 अगस्त को वर्ल्ड आदिवासी दिवस मनाया जा रहा है, तब भारत में उसको विश्व आदिवासी दिवस के नाम पर मनाये जाने का षडयंत्र किया जा रहा है। मतलब मूलनिवासी के नाम पर हम आपस में ही लडते रहें। इसलिए विश्व आदिवासी दिवस के नाम पर हमारी आदिवासी जातियों को अलग करने का विदेशी षडयंत्र है। विश्व आदिवासी दिवस का अंग्रेजी अनुवाद होगा वर्ल्ड ट्राइब्स डे , और यूएनओ मना रहा है विश्व मूलनिवासी दिवस मतलब मतलब मूलनिवासी, मतलब मूल रहिवासी।

**अर्थात, असली नाम विश्व मूलनिवासी दिवस है।**

**बोल पच्चासी, जय मूलनिवासी।।**

### कनाडा में उत्सव

वश्व के आदिवासी लोगों के अंतर्राष्ट्रीय दिवस को ऑलिन द्वारा किंग्स्टन, ऑंटारियो में कलाकारों, वक्ताओं, कवियों, कलाकारों और विक्रेताओं और सामुदायिक सेवा बूथों की एक विस्तृत श्रृंखला के साथ सभी देशों के सामुदायिक उत्सव के रूप में मनाया जाता है।

## व्यक्तिगत चेतना का विस्तार

दूसरों के सुख-दुख का भागी बनने से हमारी व्यक्तिगत चेतना विकसित होकर विश्व चेतना बन जाती है। समय के साथ जब ज्ञान की वृद्धि होती है, तब उदासीनता संभव नहीं। तुम्हारा आंतरिक स्रोत ही आनन्द है।अपने दुःख को दूर करने का उपाय है विश्व के दुख में भागीदार होना और अपनी खुशी को बढ़ाने का उपाय है विश्व के आनन्द में सहभागी होना। जब सभी लोग इस विचार से आएंगे कि वे समाज को अपना क्या योगदान दें, तो वह दैवी समाज होगा।हम सबको अपनी व्यक्तिगत चेतना को शिक्षित और शिष्ट करना है ताकि समय के साथ ज्ञान की वृद्धि हो, परिवर्तन आए। यदि ध्यान में तुम्हें गहन अनुभव न हो रहे हों तो और सेवा करो- ध्यान में अधिक गहराई आएगी।ध्यान तुम्हारी मुस्कान वापस लाता है। कई व्यक्ति सेवा करना छोड़ देते हैं जब वे अपनी छवि, प्रतिष्ठा, सम्मान, सुविधा और आराम को लक्ष्य की प्राप्ति से अधिक महत्व देने लगते हैं। कई बार लोग सेवा से कतराने लगते हैं, जब उन्हें कोई पद नहीं मिलता या जब वे अपमानित महसूस करते हैं। जब उन्हें अपेक्षानुसार कम मिलता है या जब वे लक्ष्य की प्राप्ति को चुनौती न समझकर संघर्ष समझते हैं। इसीलिए, संसार में कुछ ही लोग लक्ष्य तक पहुंचने में कामयाब होते हैं। जब ऐसा कुछ करना है जो तुम नहीं कर सकते, तब विश्राम नहीं कर सकते और तब भी विश्राम नहीं कर सकते जब लगता है कि तुम्हें वह बनना है जो तुम नहीं हो। ऐसा कुछ नहीं करना जो तुम नहीं कर सकते। तुमसे वह देने के लिए नहीं कहा जाएगा जो तुम नहीं दे सकते। जितना तुम कर सकते हो, केवल वही तुम्हारे हिस्से की सेवा है।यह समझ गहरा विश्राम देती है। यदि तुममें आकांक्षा या आलस्य है, तुम विश्राम नहीं कर सकते।दोनों ही गहरे विश्राम के विरुद्ध हैं। एक आलसी व्यक्ति रात भर करवटें बदलेगा, बेचैन रहेगा और एक आकांक्षी व्यक्ति अंदर ही अंदर जलेगा।गहन विश्राम तुम्हारी कलाओं और योग्यताओं को उभारता है और तुम्हें अपने स्वरूप के समीप लाता है।थोड़ा सा भी यह आभास कि ईश्वर तुम्हारे साथ है, गहरा विश्राम लाता है।प्रार्थना, प्रेम तथा ध्यान गहन विश्राम के विशिष्ट रस हैं।

## राजनीति में हाशिये पर जाती वसुंधरा राजे

**रमेश सर्राफ धमोरा**

राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री व भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसुंधरा राजे धीरे-धीरे राजनीति के हाशिये पर धकेली जा रही है। कभी वसुंधरा राजे की राजस्थान की राजनीति में तूती बोलती थी। मगर अब हालात पूरी तरह बदल गए हैं। वसुंधरा राजे के लिए राजनीति में उपस्थिति बनाए रखना भी मुश्किल हो रहा है। इसीलिए वह अपने समर्थकों से कभी वसुंधरा राजे समर्थक मंच का गठन करवाती है तो कभी किसान मोर्चा के नाम पर प्रदेश स्तरीय संगठन खड़ा करने का प्रयास कर रही है। मगर ऐसे व्यक्तिवादी संगठन वसुंधरा राजे को राजनीति की मुख्यधारा में बनाए रखने के लिए काफी नहीं है। हालांकि वसुंधरा राजे भी इस बात से बखूबी वाकिफ है। लेकिन मरता क्या नहीं करता वाली कहावत इन दिनों उन पर भी लागू हो रही है। इसीलिए अपनी उपस्थिति बनाये रखने के लिये वह हर दाव आजमा रही हैं।

मौजूदा स्थिति के लिए वसुंधरा राजे स्वयं भी कम जिम्मेदार नहीं है। राजस्थान की राजनीति में लगातार बीस वर्षों तक एकछत्र राज करने वाली वसुंधरा राजे ने प्रदेश की राजनीति में अपने विरोधियों का चुन-चुन कर सफाया किया था। यहां तक की उन्हे राजस्थान की राजनीति में लाने वाले देश के पूर्व उपराष्ट्रपति व राजस्थान के तीन बार मुख्यमंत्री रहे स्वर्गीय भैरों सिंह शेखावत को भी उन्होंने मुख्यधारा से दूर कर दिया था। एक समय तो ऐसी स्थिति हो गई थी वसुंधरा राजे के चलते भैरोंसिंह शेखावत भाजपा के खिलाफ बगावत करने तक को तैयार हो गए थे। मगर फिर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के समझाने पर उन्होंने अपने कदम पीछे खींच लिए थे।



प्रदेश की राजनीति में दिग्गज नेता रहे भैरोसिंह शेखावत, जसवंत सिंह, ललित किशोर चतुर्वेदी, हरिशंकर भाभड़ा, ओमप्रकाश माथुर, गुलाबचंद कटारिया, घनश्याम तिवारी जैसे वरिष्ठ नेताओं को हाशिये पर डालकर वसुंधरा राजे खुद को प्रदेश की राजनीति का सिरमौर नेता बना लिया था। मगर समय का फेर देखिए जो वसुंधरा राजे ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ किया आज वही उन्हे स्वयं झेलना पड़ रहा है।

प्रदेश की दो बार मुख्यमंत्री, कई बार प्रदेश भाजपा अध्यक्ष, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष, पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व केंद्र सरकार में मंत्री रह चुकी वसुंधरा राजे 2003 व 2013 के विधानसभा चुनाव में भारी बहुमत से प्रदेश की मुख्यमंत्री बनी थी। अपने दोनों ही कार्यकाल के बाद उन्हें हार का मुंह देखना पड़ा था। 2018 के विधानसभा चुनाव में भी भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने वसुंधरा राजे को नेता प्रोजेक्ट कर विधानसभा का चुनाव लड़ा था। मगर जनता में उनके भारी विरोध के चलते भाजपा 163 सीटों से 72 सीटों पर ही सिमट कर रह गई थी। 2018 के चुनाव प्रचार के दौरान जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राजस्थान में चुनावी सभाओं को संबोधित करते थे। तब प्रदेश की जनता मोदी की सभा में वसुंधरा के खिलाफ नारे लगा कर कहती थी कि मोदी तुझसे बैर नहीं वसुंधरा तेरी खैर नहीं। 2013 से 2018 तक के मुख्यमंत्री के कार्यकाल में वसुंधरा राजे चाटुकारों से घिरी रही। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह से भी टकराने से गुरेज नहीं किया। 2018 के विधानसभा चुनाव से पूर्व भाजपा आलाकमान राजस्थान में केन्द्रीय मंत्री गजेंद्रसिंह शेखावत को प्रदेश अध्यक्ष बनाना चाहता था। मगर वसुंधरा राजे ने वीटो कर गजेंद्रसिंह को प्रदेश अध्यक्ष बनने से रोक दिया था। तब राज्यसभा सदस्य मदन लाल सैनी को प्रदेश अध्यक्ष बनाना पड़ा था।

गजेंद्रसिंह शेखावत को प्रदेश अध्यक्ष नहीं बना पाने से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व अमित शाह वसुंधरा राजे से खार खाए बैठे थे। 2018 में विधानसभा चुनाव हारने के बाद मोदी व शाह ने वसुंधरा राजे को राजनीति के हाशिए पर धकेलना शुरू कर दिया। सबसे पहले उन्हें भाजपा का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाकर राजस्थान की राजनीति से अलग किया गया। भाजपा अध्यक्ष मदनलाल सैनी के निधन से उनके स्थान पर संघ के करीबी सतीश पूनिया को प्रदेश अध्यक्ष बना दिया गया। पूनिया की ताजपोशी में अमित शाह ने महती भूमिका निभाई थी।

# सामुदायिक फूट सत्ता के लिये लाभप्रद हो सकती है राष्ट्रीय एकता के लिये नहीं

### सूडोकु नवताल- 5797

★★★✩ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 3 | | | |
| | 2 | | | 9 | 5 | | | |
| 9 | | | | | | 6 | | |
| | | | 9 | | | | 3 | 5 |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| 4 | 8 | | | | 1 | | 6 | 2 |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | | | 2 | 4 | | | 9 | |
| | | | 8 | | | 2 | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

#### सूडोकु नवताल -5796 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**निर्मल रानी**

अंग्रेज़ों की बांटो और राज करो की विश्वव्यापी नीति से सारा संसार परिचित है। हिटलर ने भी जर्मनी में सत्ता पर एकाधिकार स्थापित करने के लिये समाज को धर्म के आधार पर विभाजित करने का यही काम किया था। हालांकि दुनिया के शांतिप्रिय व प्रगतिशील विचारधारा के लोग मात्र सत्ता पर क़ाबिज़ रहने के उद्देश्य से अपनाई जाने वाली %बांटो और राज करो % की नीति से सहमत नहीं हैं परन्तु चतुर राजनीतिज्ञ आज भी सत्ता हासिल करने या सत्ता में बने रहने के लिये इसी विभाजनकारी नीति का अनुसरण करते आ रहे हैं। अफ़सोस तो इस बात का है कि राजनीतिज्ञों की इस कुत्सित मंशा को अमली जामा पहनाने में हमारे देश की कार्यपालिका का एक वर्ग तथा गोदी मीडिया कहा जाने वाला मीडिया का एक बड़ा हिस्सा भी शामिल है। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता सुब्रमण्यम स्वामी सहित अनेक नेताओं व गोदी मीडिया से जुड़े कई लोगों के इस आशय के विभिन्न वीडिओ वॉयरल हो चुके हैं जिसमें मुसलमानों में दरार डालने के लिये शिया-सुन्नी व देवबंदी -बरेलवी आदि वर्गों के बीच नफ़रत फैलाने व इन समुदायों के मध्य खाई और गहरी करने जैसे प्रयासों को अमल में लाने जैसी बातें करते सुना जा सकता है। संसद में तीन तलाक़ संबंधी क़ानून लाने के पीछे भी सरकार की मंशा मुस्लिम महिलाओं की चिंता कम अपितु मुस्लिम महिलाओं को अपने पक्ष में संगठित करने का प्रयास अधिक थी। इसी प्रकार उत्तर प्रदेश में आगामी मुहर्रम के मद्देनज़र उत्तर प्रदेश पुलिस के महानिदेशक मुकुल गोयल द्वारा जारी उत्तर प्रदेश के समस्त पुलिस आयुक्तों को जारी दिशा निर्देश भी सत्ता की इसी %बांटो और राज करो %की नीति का एक हिस्सा प्रतीत होते हैं। गत 31 जुलाई को पुलिस महानिदेशक कार्यालय से गोपनीय /अतिआवश्यक श्रेणी के तहत संख्या -डी जी -आठ-77(23)-2021 पत्रांक से प्रदेश के समस्त पुलिस आयुक्त ,वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक तथा पुलिस अधीक्षक को संबोधित करते हुए एक 13 सूत्रीय निर्देशावली जारी की गयी है। आश्चर्य यह है कि गोपनीय /अतिआवश्यक श्रेणी का पुलिस दस्तावेज़ होने के बावजूद यह पत्र सार्वजनिक व वायरल कैसे हो गया। इस निर्देशावली के निर्देश संख्या 2 व 3 में उल्लिखित बातें ऐसी हैं जिनका न तो मुहर्रम से कोई संबंध है न ही यह बातें सत्य व तर्क आधारित हैं बल्कि निष्पक्ष नज़र से देखने से यह साफ़ पता चलता है कि यह शब्दावली पूर्वाग्रह से प्रेरित तथा मुहर्रम जैसे शोकपूर्ण अवसर को बदनाम करने के उद्देश्य से जानबूझकर लिखी गयी हैं।



उदाहरण के तौर पर इसके निर्देश संख्या 2 में उल्लिखित है कि मुहर्रम के अवसर पर शिया समुदाय के लोगों द्वारा तबर्रा पढ़े जाने पर सुन्नी समुदाय (देवबंदी व अहले हदीस ) द्वारा कड़ी आपत्ति व्यक्त की जाती है। शिया वर्ग के असामाजिक तत्वों द्वारा सार्वजनिक स्थानों,पतंगों व आवारा पशुओं पर तबर्रा लिखे जाने तथा देवबंदी व अहले हदीस वर्गों के असमाजिक तत्वों द्वारा इन्हीं तरीक़ों से अपने ख़लीफ़ाओं के नाम लिखकर प्रदर्शित करने पर इन दोनों फ़िरक़ों के मध्य व्याप्त कटुता के कारण विवाद संभावित रहता है। जबकि निर्देश संख्या 3 में लिखा गया है कि मुहर्रम मुस्लिम समुदाय के शिया एवं बहुसंख्यक परंपरागत सुन्नी मुस्लिमों (सूफ़ी /बरेलवी /हनफ़ी आदि ) द्वारा व्यक्त किये जाने वाले शोक व ताज़ियादारी का कट्टरपंथी विचारधारा वाले देवबंदी /अहले हदीस मत के सुन्नियों द्वारा कड़ा विरोध किये जाने तथा कटुता व मतभेदों के कारण अतिसंवेदनशील अवसर है। इस दिशा निर्देश में प्रयुक्त शब्दावली का कई शिया सुन्नी व हिन्दू धर्मगुरुओं ने भी विरोध किया है। मुहर्रम के संबंध में इस तरह की शब्दावली व विचारों का प्रयोग वही कर सकता है जो या तो करबला की घटना व हज़रत इमाम हुसैन व उनके 72 साथियों की शहादत के मर्म से अनभिज्ञ हो या फिर जानबूझकर इस पवित्र अवसर को बदनाम करने की साज़िश रच रहा हो।

## जब हिल उठी थी अंग्रेजों की सरकार

**रमेश सर्राफ धमोरा**

अंग्रेजों भारत छोड़ो के नारे के साथ 9 अगस्त 1942 को महात्मा गांधी के आह्वान पर शुरू हुए आंदोलन ने अंग्रेजी हुकूमत की नींव हिलाने का काम किया था। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में निर्णायक भूमिका निभाने वाले इस आंदोलन में पूरे देश के लोगों की व्यापक भागीदारी रही थी। इस आंदोलन ने देखते ही देखते ऐसा रूप ले लिया था कि अंग्रेजी सत्ता को दमन के सभी उपाय नाकाफी साबित होने लगे थे। क्रिप्स मिशन की विफलता के बाद गांधीजी ने ब्रिटिश शासन के खिलाफ अपना तीसरा बड़ा आंदोलन छेडने का फैसला लिया था। अंग्रेजों भारत छोड़ो आंदोलन के शुरू होने के कुछ समय बाद ही गांधीजी को गिरफ्तार कर लिया गया था। लेकिन देश भर के युवा कार्यकर्ताओं ने हड़तालों और तोड़फोड़ की कार्रवाइयों के जरिए आंदोलन को जिंदा रखा।

9 अगस्त 1942 को दिन निकलने से पहले ही कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सभी सदस्य गिरफ्तार हो चुके थे और कांग्रेस को गैरकानूनी संस्था घोषित कर दिया गया। गांधी जी के साथ भारत कोकिला सरोजिनी नायडू को यरवदा पुणे के आगा खान पैलेस में, डॉ. राजेंद्र प्रसाद को पटना जेल व अन्य सभी सदस्यों को अहमदनगर के किले में नजरबंद किया गया था। सरकारी आंकड़ों के अनुसार इस जनांदोलन में 942 लोग मारे गये, 1630 घायल हुए, 18 हजार डीआईआर में नजरबंद हुए तथा 60 हजार 229 गिरफ्तार हुए। जयप्रकाश नारायण, अरूणा आसफ अली व मदनलाल बागड़ी का इस क्रांति में अविस्मरणीय योगदान रहा था।

9 अगस्त 1942 के दिन इस आंदोलन को लालबहादुर शास्त्री ने एक बड़ा रूप दे दिया था। लालबहादुर शास्त्री ने 1942 में मरो नहीं मारो का नारा दिया। जिसने क्रान्ति की ज्वाला को पूरे देश में प्रचण्ड किया। 19 अगस्त 1942 को शास्त्री जी गिरफ्तार हो गए। इस आंदोलन की व्यूह रचना बेहद तरीके से बुनी गई थी। चूंकि अंग्रेजी हुकूमत दूसरे विश्व युद्ध में पहले ही पस्त हो चुकी थी और जनता भी आंदोलन की ओर झुक रही थी। लिहाजा 8 अगस्त 1942 की शाम को बम्बई में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के बम्बई सत्र में अंग्रेजों भारत छोड़ो का नाम दिया गया था। हालांकि गांधी जी को फौरन गिरफ्तार कर लिया गया था। लेकिन देश भर के युवा कार्यकर्ता हड़ताल और तोड़फोड़ की कार्रवाइयों के जरिए आंदोलन चलाते रहे। 1942 का अंग्रेजों भारत छोड़ो आंदोलन 1920, 1921, 1930, 1940-41 के आंदोलनों से काफी भिन्न था।

# कृति सेनन की मिमी बनी 2021 की सबसे अधिक रेटिंग्स पाने वाली फिल्म



ऑनलाइन लीक होने के कारण कृति सेनन की फिल्म मिमी को चार दिन पहले नेटफ्लिक्स पर रिलीज कर दिया गया था। लोगों ने दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत के मामले में चुप्पी रखने को लेकर बॉलीवुड कलाकारों की फिल्मों को बॉयकॉट करने की मांग थी। इसके चलते कमोबेश हालिया रिलीज हुई फिल्मों को आईएमडीबी पर कम रेटिंग्स मिले थे। ऐसे माहौल में भी कृति की मिमी 2021 की सबसे अधिक रेटिंग्स पाने वाली फिल्म बन गई है।

कृति की मिमी को आईएमडीबी की वेबसाइट पर दस में से 8.2 रेटिंग्स मिले हैं। अभी तक कृति के करियर में किसी फिल्म को इतनी अधिक रेटिंग्स नहीं मिली है। फिल्म का निर्देशन लक्ष्मण उतेकर ने किया था। आईएमडीबी की वेबसाइट पर इस फिल्म को करीब 18,000 लोगों ने रेटिंग्स दिए हैं, जिनमें करीब 2,000 लोगों ने फिल्म को आकर्षक रेटिंग्स प्रदान किए हैं। इसके करीब मेहश बाबू अभिनीत कृति की फिल्म 1= नेनोक्कडीने है, जिसे 8.1 रेटिंग्स मिले हैं। हालिया रिलीज हुई फिल्मों से तुलना करें तो मिमी को काफी अधिक रेटिंग्स प्राप्त हुए हैं। आईएमडीबी पर रूही को 4.3, मुंबई सागा को 6 और हसीन दिलरुबा को 6.9 रेटिंग्स दर्शकों द्वारा दिए गए हैं। आश्चर्य होता है कि सलमान खान की फिल्म राधे= योर मोस्ट वांटेड भाई को दर्शकों की भारी नाराजगी का सामना करना पड़ा है। फिल्म को दस में से केवल 1.8 रेटिंग्स प्राप्त हुए हैं। फिल्म को लेकर सलमान की आलोचना की गई थी।

हाल में रिलीज हुई शिल्पा शेट्टी की फिल्म हंगामा 2 को भी दर्शकों ने डिजिटल प्लेटफॉर्म पर नकार दिया है। फिल्म को दस में से केवल 3.1 रेटिंग्स मिले हैं। राज कुंद्रा पोर्नोग्राफी केस के सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर इस फिल्म को बॉयकॉट करने की बात चली थी। यह फिल्म 23 जुलाई को स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज हुई थी। बताया गया था कि पोर्नोग्राफी केस के चलते फिल्म के व्यूअरशिप पर असर पड़ा है। मिमी में कृति एक सेरोगेट मदद की भूमिका में दिखी हैं। पंकज त्रिपाठी उनके पति की भूमिका में नजर आए हैं। सुप्रिया पाठक और मनोज पाहवा भी अहम भूमिकाओं में नजर आए हैं। कृति ने फिल्म में गर्भवती महिला की भूमिका निभाने के लिए अपना 15 किलो वजन बढ़ाया था। ट्रेड एक्सपर्ट का मानना है कि यदि फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होती, तो यह सुपरहिट साबित हो जाती।

## अपने फिल्मी करियर में पहली बार डबल रोल करने जा रहीं तापसी पन्नू



जब से अभिनेत्री तापसी पन्नू ने अपने प्रोडक्शन हाउस आउटसाइडर फिल्म्स लॉन्च किया है, वह सुर्खियों में हैं। ब्लर उनके होम प्रोडक्शन में बनने वाली पहली फिल्म है, जिससे जुड़ीं आए दिन नई-नई जानकारियां सामने आ रही हैं। पिछले दिनों खबर आई कि फिल्म में तापसी अभिनय भी करेंगी। खास बात यह है कि वह इसमें डबल रोल करती दिखेंगी और यह उनके करियर की ऐसी पहली फिल्म होगी, जिसमें वह दोहरी भूमिका में दिखेंगी।

ब्लर 2010 में आई स्पैनिश थ्रिलर फिल्म जूलियाज आइज का हिंदी रीमेक है। रिपोर्ट के मुताबिक इसमें तापसी मशहूर स्पैनिश अभिनेत्री बेलेन रुएदा वाली भूमिका निभाएंगी। बेलेन ने फिल्म में डबल रोल किया था। अब तापसी भी फिल्म में दो अलग-अलग किरदारों में नजर आएंगी। फिल्म में वह तापसी दो जुड़वां बहनों की भूमिका में दिखेंगी। इससे पहले तापसी सुजॉय घोष की फिल्म बदला में काम कर चुकी हैं, जो स्पैनिश फिल्म इनविजिबल गेस्ट का हिंदी रीमेक थी। इस फिल्म का निर्देशन गुइलम मोरालेस ने किया था, जो इसके लेखक भी थे। गिलर्मो डेल टोरो, जोकिन पड्रो और मार टारगारोना ने इस फिल्म का निर्माण किया था। बेलेन के अलावा फिल्म में लुईस होमरे और जूलिया गुतिरेज काबा ने मुख्य भूमिका निभाई थी। यह एक ऐसी महिला की कहानी है, जो अपनी जुड़वां बहन की रहस्मयी मौत की गुत्थी सुलझा रही होती है और धीरे-धीरे एक आनुवंशिक समस्या के चलते उसकी आंखों की रोशनी चली जाती है। तापसी ने कुछ ही दिन पहले नैनीताल की खूबसूरत वादियों में इस फिल्म की शूटिंग शुरू की है। लाइन प्रोड्यूसर मयंक तिवारी ने बताया, पहले दिन होटल और रेस्तरां में फिल्म में तापसी और उनके पति की भूमिका निभा रहे गुलशन देवैया के बीच कुछ रोमांटिक और कुछ गहमागहमी के सीन फिल्माए गए। नैनी झील के भी कई दृश्य लिए गए। खबर है कि अगले 40 दिनों तक नैनीताल और आसपास के इलाकों में फिल्म की शूटिंग होनी है।

तापसी फिल्म शाबाश मिठू में काम कर रही हैं। यह भारतीय क्रिकेट टीम की कैप्टन मिताली राज के जीवन पर आधारित है। वह अभिनेता ताहिर राज भसीन के साथ कॉमेडी थ्रिलर फिल्म लूप लपेटा में दिखाई देंगी। आकर्ष खुराना के निर्देशन में बनी फिल्म रश्मि रॉकेट में तापसी अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगी। वह निर्देशक अनुराग कश्यप की फिल्म दोबारा में काम कर रही हैं। तापसी तमिल थ्रिलर फिल्म जन गण मन का भी हिस्सा हैं।

# अपनी डाइट में शामिल करें चकोतरा, मिलेंगे स्वास्थ्य से जुड़े कई फायदे



आज हम जिस फल के फायदे आपको बताने जा रहे हैं, उसको कुछ लोग गुलाबी संतरे के नाम से जानते हैं तो कुछ लोग इसे चकोतरा कहते हैं। खैर आप चाहें इसे किसी भी नाम से जानें, स्वाद में खट्टा-मीठा यह फल कई पोषक तत्वों से समृद्ध होता है जो स्वास्थ्य को विभिन्न रूप से फायदा पहुंचा सकते हैं। आइए आज आपको संतरे की तरह दिखने वाले इस फल के सेवन से मिलने वाले कुछ फायदे बताते हैं।

### मधुमेह के जोखिमों से राहत दिलाने में है कारगर

खून में ग्लूकोज की मात्रा बढ़ने से मधुमेह का खतरा हो सकता है जिसके जोखिमों से राहत देने में चकोतरा का सेवन कारगर साबित हो सकता है। एक शोध के अनुसार, चकोतरा में एंटी-डायबिटिक गुण मौजूद होते हैं, जो खून में मौजूद ग्लूकोज की मात्रा को कम करने में मदद कर सकता है। हालांकि, मधुमेह रोगी चकोतरा से ज्यादा इस बीमारी के सही उपचार को प्राथमिकता दें।

### हृदय का बन सकता है सुरक्षा कवच

हृदय को स्वस्थ्य बनाए रखने और हृदय रोग से संबंधित जोखिमों से राहत दिलाने में चकोतरा का सेवन काफी हद तक कारगर साबित हो सकता है। एक शोध के मुताबिक, चकोतरा में बढ़े हुए कोलेस्ट्रॉल और ब्लड प्रेशर को कम करने का गुण मौजूद होता है, जो हृदय जोखिमों से राहत देने में कारगर है। वहीं, इसमें फ्लेवोनोइड, फाइबर, पोटेशियम, मैग्नीशियम और विटामिन- सी जैसे कई पोषक तत्व भी मौजूद होते हैं, जो हृदय को पूर्ण सुरक्षा देने में सहायक हैं।

### ब्लड सर्कुलेशन को बेहतर करने में करें मदद

ब्लड सर्कुलेशन को बेहतर करने में भी चकोतरा का सेवन अहम भूमिका अदा कर सकता है। दरअसल, चकोतरा में सायनायडिंग 3 ग्लूकोसाइड नाम का एक खास तत्व पाया जाता है। यह तत्व न सिर्फ खून में मौजूद अशुद्धियों को दूर करने में मदद कर सकता है बल्कि ब्लड सर्कुलेशन की प्रक्रिया को भी सही रखा जा सकता है। रोजाना एक चकोतरा का सेवन ब्लड सर्कुलेशन को बेहतर बनाए रखने में मदद कर सकता है।

### बढ़ते वजन से निजात दिलाने में है सक्षम

बढ़े हुए वजन को कम करने का प्रयास करने वाले लोगों के लिए भी चकोतरा का सेवन बेहद फायदेमंद सिद्ध हो सकता है। एक शोध के अनुसार, इसमें मौजूद फाइबर पाचन क्रिया को मजबूत करने के साथ-साथ वसा को कम करने का काम कर सकता है। वहीं, इसमें मौजूद मोनोअनसैचुरेटेड फैटी एसिड वसा को बढ़ने से रोकने में मदद कर सकता है। इसलिए वजन कम करने वाले अपनी डाइट में चकोतरा को जरूर शामिल करें।

# दबंग 4 के साथ चुलबुल पांडे बनकर लौटेंगे सलमान, खुद किया कुबूल



सलमान खान ने अपनी हिट एक्शन फ्रेंचाइजी दबंग के चौथे पार्ट की ओर इशारा कर दिया है। उन्होंने भले ही सोशल मीडिया पर इस फिल्म की आधिकारिक घोषणा ना की हो, लेकिन सलमान ने अपने भाई अरबाज खान के शो में यह पुष्टि कर दी है कि वह दबंग 4 लेकर आ रहे हैं। इसके बाद से सोशल मीडिया पर उनके प्रशंसक फिल्म को लेकर बेसब्र हो गए हैं। शो में क्या बोले सलमान, आइए जानते हैं। अरबाज खान ने अपने शो में सलमान से रैपिड फायर सेशन के दौरान पूछा कि वह दबंग सीरीज की कौन सी फिल्म चुनेंगे। पहली, दूसरी, तीसरी या फिर चौथी, तो इस पर तुरंत सलमान ने कहा, चौथी फिल्म। इस पर अरबाज ने कहा कि आपने अभी दंबग 4 पर अपनी मुहर लगा दी है, लेकिन सलमान ने अपने शब्द वापस नहीं लिए। बस फिर क्या था, जब से सलमान ने यह इशारा किया, फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं है। दबंग के साथ सलमान ने इतिहास रचा। पहली बार दर्शकों ने उन्हें एक साथ कॉमेडी, ड्रामा और एक्शन करते देखा। यही वजह थी कि चुलबुल पांडे के आते ही दर्शकों ने उसके सिर पर बॉक्स ऑफिस किंग का ताज पहना दिया। सलमान की इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस जबरदस्त कमाई की थी। यह एक्शन कॉमेडी फिल्म 2010 में रिलीज हुई थी, जिसमें सलमान के साथ सोनाक्षी सिन्हा नजर आई थीं। इस फिल्म ने कई पुरस्कार अपने नाम किए थे।

## मैं जल्द ही कुछ बेहतरीन कॉन्टेंट लेकर आने वाली हूं:मलाइका अरोड़ा



बॉलिवुड ऐक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा ने भले ही फिल्मों से ब्रेक लिया हो लेकिन वह किसी न किसी माध्यम से ऐक्टिव रहती हैं। उन्होंने एक एंटरप्रेन्योर के तौर पर अपनी जर्नी शुरू कर चुकी हैं। वे योग और फिटनेस एक्सपर्ट के तौर पर भी जानी जाती हैं। इसके अलावा वह टीवी शोज में जज के तौर पर भी काफी पॉप्युलर हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, मलाइका अरोड़ा ने दो साल पहले कॉन्टेंट को को प्रड्यूस करने की योजना बनानी शुरू की थी। वह प्रड्यूसर के तौर पर सलमान खान की फिल्म 'दबंग' से भी जुड़ी थीं। अब वह अपने साथियों के साथ आगे बढ़ना चाहती हैं और नया कॉन्टेंट प्रड्यूस करने के लिए तैयार हैं। मलाइका अरोड़ा ने 'सुपर डांसर चैप्टर 4' को कुछ समय के लिए जज किया था। अब उम्मीद की जा रही है कि वह 'इंडियाज बेस्ट डांसर चैप्टर 2' में जज के तौर पर वापसी करेंगी। मलाइका अरोड़ा ने कहा, 'आखिर, यह सब आगे बढ़ रहा है और मैं कुछ शोज को को-प्रड्यूसर करने जा रही हूं और कुछ बेहतरीन कॉन्टेंट के साथ आ रही हूं। मैं उम्मीद कर रही हूं कि यह सब आसानी हो जाए। पहले से ही बहुत सारा काम है। पिछले दो सालों में योजनाओं ने आकार लिया है और मैं अपना शुरुआती कुछ काम जारी करने की उम्मीद कर रही हूं। मैंने इसके लिए कुछ अद्भुत लोगों के साथ मिलकर काम किया है। चर्चाएं चल रही हैं और ये सभी पाइपलाइन में हैं।'मलाइका अरोड़ा ने आगे कहा, 'डांस शो जल्द ही शुरू हो जाएगा।

# माँ का दूध ही बच्चे के लिए सर्वोत्तम आहार



### विश्व स्तनपान सप्ताह पर विशेष

विश्व में प्रति वर्ष 1 अगस्त से 7 अगस्त तक विश्व स्तनपान सप्ताह (दिवस) मनाया जाता है. इस दिवस का मुख्य उद्देश्य विश्व भर की महिलाओ को स्तनपान के महत्व के बारे में बताना है. क्योंकि महिलाएं बदलती जीवनशैली और कामकाज में इतनी व्यस्त होती है की अपने बच्चो को स्तनपान करवाने का समय नहीं निकाल पाती है. एक नवजात शिशुओं के लिए माँ का दूध अमृत के सामान होता है. जो की बच्चे के पुरे जीवन में कुपोषण व अतिसार जैसी बीमारियों से रक्षा करता है. विश्व स्तनपान दिवस या सप्ताह को बढ़ावा देकर विश्व भर में बच्चो की मृत्यु दर में कमी लाई जा सकती है.

### विश्व स्तनपान सप्ताह (दिवस)

विश्व के हर एक महिला को बच्चे को जन्म से 6 महीने तक केवल अपना ही दूध पिलाना चाहिए. माँ का दूध ही बच्चे के लिए सर्वोत्तम आहार होता है.

### बच्चे को स्तनपान कराने से माँ को

### होने वाले लाभः

- बच्चे को स्तनपान कराने से माँ का प्रसव के बाद होने वाले रक्त स्राव को रुक जाता है जिससे माँ में खून की कमी होने का खतरा कम हो जाता है.
- बच्चे को स्तनपान कराने से विश्व की अधिकतर माँ को मोटापे की शिकायत नहीं होती.
- यह बच्चों के जन्म में अंतर रखने में भी सहायक होता है.
- स्तनपान कराने से माँ के स्तन और अंडाशय में कैंसर का खतरा कम हो जाता है।
- साथ ही स्तनपान माँ की हड्डियों की कमजोरी से बचाता है.
- माँ से मिलने वाले दूध में कोलेस्ट्रम होता है जो की शिशु को प्रतिरोधक को बढाता है और शिशु को रोगों से बचाने के साथ उसकी अच्छे से वृद्धि करता है.

### शिशु को ऊपरी दूध पिलाने के नुकसान

- बच्चे को ऊपरी दूध पिलाने से संक्रामक रोगों की आशंका बनी रहती है
- ऊपरी दूध पिलाने से बच्चे को सही मात्रा में प्रोटीन, फैट, विटामिन व मिनरल नहीं मिल पाता साथ ही बच्चे को एलर्जी का खतरा बना रहता है.
- ऊपरी दूध पिलाने से बच्चे की बौद्धिक क्षमता के विकास में दिक्कत आती है.

### स्तनपान के बारे में कुछ रोचक तथ्यः

- एक रिपोर्ट के मुताबिक दुनियाभर में 0-6 महीने की आयु में केवल 38 प्रतिशत शिशु ही स्तनपान कर पाते है.
- एक रिपोर्ट के मुताबिक जल्दी (पहले घंटे के भीतर) स्तनपान कराने से 20 प्रतिशत नवजात शिशु मृत्यु को रोका जा सकता है.
- अगर शिशुओं को पहले 6 महीने तक पूर्णरूप से स्तनपान कराया जाता हैं, तो बच्चे की डायरिया/दस्त से मरने की संभावना 11 बार कम होती है और निमोनिया से मरने की संभावना 15 गुना कम हो जाती है.

### स्तनपान कम से कम महंगा है.

- इस सभी कारणों की वजह से 1 अगस्त से 7 अगस्त तक दुनिया यानी के हर देश में विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया जाता है.
- डीटी. काजल तिवारी (डायटीशियन) (डिपार्टमेंट सर्जिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी केजीएमयू लखनऊ)।

## करियर में किसी बात का पछतावा नहीं: श्वेता तिवारी



टेलीविजन स्टार श्वेता तिवारी पिछले दो दशकों से अधिक समय से अभिनय इँडस्ट्री का हिस्सा हैं। जिस तरह से उनके करियर को आकार मिला है, अभिनेत्री इससे खुश हैं और उन्हें किसी बात का पछतावा नहीं है। श्वेता ने साल 1999 में काम करना शुरू किया था, यह लोकप्रिय टीवी शो कसौटी जिंदगी की में प्रेरणा शर्मा बजाज का उनका चित्रण था, जो 2001-2008 तक चला, जिसने उन्हें एक घरेलू नाम बना दिया। बाद में उन्हें परवरिश, बेगूसराय और मेरे डैड की दुल्हन सहित टेलीविजन श्रृंखलाओं में देखा गया। श्वेता ने मैं अपने करियर विकास से बहुत खुश हूं, यहां तक कि मैंने अपने करियर में जो गलतियां की हैं। मैंने उनसे कुछ सीखा है। मुझे अपने करियर में किसी बात का पछतावा नहीं है। 40 वर्षीय अभिनेत्री ने कहा कि उन्होंने हमेशा कुछ अलग करने की कोशिश की है। उन्होंने कहा, मैंने कभी खुद को नीरस नहीं बनाया। मैंने बार-बार एक ही तरह की भूमिकाएँ नहीं कीं। जब तक मैं काम कर रही हूँ तब तक मैं अलग-अलग काम करने जा रही हूँ। मेरे लिए, पैसा मानदंड नहीं था, काम मानदंड था। अभिनेत्री ने कहा, जब मैं पीछे मुड़कर देखती हूं तो मैं बहुत खुश होती हूं और आगे देखना चाहती हूं। मैं कई भूमिकाएं और अलग तरह के काम करना चाहती हूं। श्वेता फिलहाल कलर्स पर फिल्म निमार्ता रोहित शेट्टी द्वारा होस्ट किए गए खतरों के खिलाड़ी के 11वें सीजन में नजर आ रही हैं।




## वन-टू-वन

### धरातल पर जुड़े हुए कार्यकर्ताओं का चयन करना जीत का मुख्य मंत्र/ राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी पाली

**पुष्पांजली टुडे**

*पाली। राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी जिला अध्यक्ष पद के लिए प्रदेश कमेटी शीर्ष नेतृत्व एवम चयनकर्ताओं द्वारा अलग-अलग नामों से मंथन किया जा रहा है। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी राजस्थान के विभिन्न जिलों में नवीन अध्यक्ष पद घोषणाओं की प्रक्रिया जारी हैं। राजस्थान। पाली जिले में कांग्रेस पार्टी जिला अध्यक्ष नाम का मंथन धरातल पर जुड़ा हुआ गरीब एवं किसानों का मसीहा कांग्रेस कार्यकर्ता के नाम पर चर्चा कांग्रेस पार्टी पाली में जीत का मुख्य मंत्र साबित हो सकता है। स्वतंत्र भारत में लंबे समय तक शासन चलाने राष्ट्रीय राजनीतिक पार्टी को पाली में लोकसभा विधानसभा राजस्थान पंचायत राज आम चुनाव नगर परिषद प्रत्येक चुनावी सफर में राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी को हर कोने कोने में विपक्षी। दलों का विजय क्रम रोकने में नाकाम साबित हो रहे हैं। पाली जिले के हर चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस पार्टी के कद्दावर नेता पदाधिकारी कार्यकर्ता प्रत्येक चुनाव में कांग्रेस पार्टी को जीत का विजय क्रम आगे बढ़ाने के लिए हर संभव पूरा प्रयास किया जाता है। लेकिन विजय रथ को आगे बढ़ाने में नाकाम साबित हो रहे हैं । इसका मुख्य कारण कार्यकारिणी का प्रथम चरण से अंतिम चरण तक चयनकर्ताओं द्वारा पदाधिकारी का गलत चयन करना वर्तमान समय में पार्टी भुगत रही है। जिले में अब शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों की जनता प्रत्येक राजनीतिक दल और प्रत्येक राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों को पूरी तरह से भाप चुकी हैं। पिछले लगभग 20 वर्षों से देश के विभिन्न प्रदेश में राजनीतिक दलों का भविष्य लगभग ग्रामीण क्षेत्रों से तय किया जा रहा है। पाली के विभिन्न तहसील स्तर पर मीडिया प्लेटफार्म सर्वे के अनुसार कांग्रेस का जिले में वापसी करने के लिए आमजन की राह के अनुसार जिला स्तर से ग्रामीण स्तर तक प्रत्येक पदाधिकारियों का चयन धरातल पर सर्वे करके करना होगा ।तभी राजस्थान के पाली जिले में राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी तूफानी शुरूआत करके वापसी कर सकती हैं। जिला अध्यक्ष से अंतिम कड़ी तक गरीब वर्ग एवं धरातल पर जुड़ा हुआ कार्यकर्ताओं का चयन करने पर ही विपक्षी दलों को राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी मात दे सकती हैं। चयनकर्ताओं कि गलत सर्वे के अनुसार पदाधिकारियों का चयन करके जिले के प्रत्येक कोने कोने में राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी का मजबूत स्तंभ को समाप्त किया गया। शहरी क्षेत्रों के अलावा अब ग्रामीण क्षेत्रों में अशिक्षित लोग किसी भी राजनेताओं से भ्रमित नहीं हो रहे हैं। और धरातल पर जुड़ा हुआ उम्मीदवार को ही विजय रथ पर विराजमान करते हैं। चयनकर्ताओं द्वारा बिना सर्वे करके चुने गए पदाधिकारियों को राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवारों को चुनाव में जीत प्राप्त करने के लिए चुनावी प्रचार में मैदान में उतारा जाता है । लेकिन ग्रामीण क्षेत्र की जनता उन्हें हर बार नकार रही हैं। और पार्टी प्रत्येक चुनाव में परिणाम भुगत रही हैं। सोशल सर्वे के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों से बहुचर्चित नाम नारायण सिंह सेवड राजपुरोहित निवासी चाचोडी जो कई वर्षों से राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी की मूल विचारधारा के साथ साथ साथ आमजन से धरातल पर जुड़े हुए ।लेकिन अभी तक जिला स्तर से प्रदेश स्तर तक चयनकर्ताओं ने ऐसे कांग्रेस कार्यकर्ताओं की ओर ध्यान आकर्षित नहीं किया जिसमें राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी को नया जीवनदान मिले।*

# 'गलत', 'दिक्कत' यहां तक 'यार' भी सदन में नहीं बोल पाएंगे विधायक, असंसदीय शब्दों की सूची में शब्दों को किया शामिल

**भोपाल(अर्पित गुप्ता उपसम्पादक)**

विधानसभा में अब 'गलत', 'दिक्कत' या 'फर्जी बात' भी विधायक नहीं बोल पाएंगे, क्योंकि इन सब शब्दों को असंसदीय शब्दों की पुस्तक में शामिल कर लिया गया है. यही नहीं गलत, गुपचुप, झूठ, दिक्कत, बेचारा, अन्याय, फर्जी बात, फर्जी जवाब, पाप, बेवकूफ, शर्मा करो, यह दादागिरी नहीं चलेगी, यार - जैसे शब्द भी असंसदीय शब्दों की पुस्तक में शामिल किए गए हैं।



सदन में शब्दों की मर्यादा को लेकर गाइडलाइन जारी किया गया. इस अवसर पर असंसदीय शब्द एवं वाक्यांश संग्रह पुस्तक का विमोचन विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम ने किया. पुस्तक में 23 सितंबर 1954 से लेकर अब तक की विधानसभा कार्यवाही तक विलोपित किए गए शब्दों को स्थान दिया गया है. इसमें कुल 1161 शब्द चिन्हित किए गए है. 23 सितंबर 1954 को पहला असंसदीय शब्द बोला गया था. पहला शब्द 'ससुर' दूसरा शब्द 'गंदी सूरत' और तीसरा शब्द 'चार सौ बीस' था।

### अभिनेता का रीटेक हो सकता है

पुस्तक का विमोचन करने के बाद विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम ने कहा कि जिस समय मुझे विधानसभा में शब्दों को विलोपित करना न पड़े. जब ऐसा हो जाएगा, उसी दिन ये पुस्तक हटा दी जाएगी. अभिनेता का रीटेक हो सकता है, लेकिन विधायकों का नहीं।लोकतंत्र का मंदिर होती है विधानसभा।जनता के इस मंदिर को आस्था का केंद्र बनाए रखने के लिए पुस्तक प्रकाशित की गई है।

### छात्रों को सदन लगा था मछली बाजार

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि एक बार छात्र विधानसभा की कार्यवाही देखने आए. उन्हें अपने कक्ष में बुलाया और पूछा कैसा लगा, इस पर छात्र बोले हम कुछ सीखने के लिए आए थे, लेकिन उन्होंने कहा यहां तो मछली बाजार जैसा लगा. ऐसे में ये अभिनंदीय प्रयास है. कई बार विधायकों को ही नहीं पता कि कौन से शब्द असंसदीय हैं।

### असंसदीय प्रथा पर निकालनी पड़ रही पुस्तक

कमलनाथ ने कहा कि अम्बेडकर ने संविधान समर्पित किया था. उसके मायने थे कि भारत का प्रजातंत्र विश्व में उदाहरण बने. प्रजातंत्र की नींव हमारी संसद और विधानसभाएं हैं. हम सब संसदीय प्रथा के रक्षक हैं, फिर ये असंसदीय प्रथा कैसे बढ़ती है। आज पुस्तक निकलना पड़ रहा है।मैं विधायकों की बुराई नहीं कर रहा, लेकिन ये जनता तो सोचती होगी।

# सहकारिता मंत्री डॉ. अरविन्द सिंह भदौरिया का एक दिवसीय दौरा अटेर क्षेत्र में आज'

## सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद सिंह भदोरिया अटेर क्षेत्र में चल रहे राहत कार्यों की जिला प्रशासन के साथ बैठक के माध्यम से करेंगे समीक्षा

**अरिमर्दन सिंह रिपोर्टर, दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड(ब्यूरो)। सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन मंत्री डॉ. अरविंद सिंह भदौरिया 9 अगस्त सोमवार 2021 तक भिण्ड जिले की विधानसभा क्षेत्र अटेर के प्रवास का एक दिवसीय दौरा करेंगे तथा इस दौरान वे क्षेत्रीय जनता से रूबरू होंगे। वहीं अटेर क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित गांव का दौरा कर ग्रामीण जनों से मुलाकात करेंगे।



भाजपा मीडिया सेंटर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया 9 अगस्त 2021 को को अपने निजी निवास मीरा कॉलोनी से कार द्वारा प्रस्थान कर सायं7:30 बजे अटेर विधानसभा क्षेत्र के लिए रवाना होंगे।

मंत्री डॉ भदौरिया कार द्वारा प्रस्थान कर सिहुडा परा अटेर मुकुटपुरा नावली विंद्रावन चौम्हो कोषण चिलोंगा के बाढ़ पीड़ित परिवार जनों से मुलाकात करेंगे।

सहकारिता लोक सेवा प्रबंधन मंत्री डॉक्टर अरविंद सिंह भदोरिया अटेर क्षेत्र में बाढ़ प्रभावित ग्रामीण क्षेत्रों में चलाए जा रहे राहत कार्यों की जिला प्रशासन के साथ समीक्षा बैठक भी आयोजित करेंगे।

मंत्री डॉक्टर भदोरिया 5ः30 बजे भिंड से ग्वालियर होते हुए भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे उनके साथ भाजपा के वरिष्ठ नेता के मंडल अध्यक्ष एवं प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी भी साथ रहेंगे ।

# जान जोखिम में डाल रहे लोग,शिप्रा नदी में डूबने से एक दिन में दूसरी मौत



**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक, पुष्पांजली टुडे**

उज्जैन मध्यप्रदेश में बाढ़ से इतनी तबाही मचने के बाद भी लोगों की लापरवाही की कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं, लेकिन लोग अपनी जान को जोखिम में डालने से बाज ही नहीं आ रहे हैं। इसकी बानगी उज्जैन में दूसरी बार देखने को मिली। शिप्रा नदी का जल स्तर लगातार बढ़ रहा है। फिर भी लोग नहाने के लिए शिप्रा नदी में जा रहे हैं। जिससे आज दूसरी मौत हो चुकी है।

बता दें कि युवक इंदौर से आया था। जो कि नहाने के लिए शिप्रा नदी में गया था। नदी का जलस्तर इतना ज्यादा था कि युवक नहाते हुए नदी की गहराई में चला गया। जिसकी डूबने से मौत हो गई। उज्जैन की शिप्रा नदी में यह सुबह से दूसरी घटना है।

उत्तर प्रदेश से आए तीन युवक शिप्रा नदी में डूब गए थे। जिनका रेस्क्यू कर उन्हे बाहर निकाला गया था। दो युवक सुरक्षित थे और तीसरे की मौत हो गई थी।

# प्रेमी संग पत्नी ने मिलकर की पति की हत्या

## थाना पिलुआ पुलिस ने 24 घंटा में किया घटना का खुलासा



**सोनू कुमार माथुर, पुष्पांजली टुडे**

एटा / वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा द्वारा उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए घटना में फरार चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु टीम गठित की गई। अपर पुलिस अधीक्षक एटा श्री ओमप्रकाश सिंह के पर्यवेक्षण में तथा क्षेत्राधिकारी सदर श्री इरफान नासिर खान के नेतृत्व में हत्या सेसंबंधित दो अभियुक्त कृष्ण उर्फ कृष्णा पुत्र अशर्फीलाल निवासी बेरी जलालपुर थाना बागवाला एटा तथा श्रीमती चांदनी पत्नी स्वर्गीय खेमकरन उर्फ पप्पू निवासी ग्राम बमनई थाना पिलुआ एटा पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त ने बताया की वह पिछले दो-तीन वर्षो से अपनी बुआ श्रीमती रतन श्री के गांव बमनई में उनके बड़े बेटे खेमकरण पुत्र देवकीनंदन के यहां डीजे में डेकोरेशन का काम करवाता था, वहीं से उनकी पत्नी चांदनी से प्रेम प्रसंग शुरू हुआ जिसकी जानकारी खेमकरन को लग गई थी। जिसको लेकर खेमकरन ने अपनी पत्नी के साथ काफी मारपीट की तो हम दोनों ने उसे रास्ते से हटाने का प्लान बना लिया

# पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह ककारा ओझा खैरा श्यामपुरा के बाढ़ पीड़ितों के बीच पहुंचे सुनी उनकी समस्याएं'

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड(ब्यूरो)। भाजपा के वरिष्ठ नेता भिंड विधानसभा के क्षेत्र से पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत ग्रामीण क्षेत्र चंबल नदी के किनारे बसे ग्राम पंचायत ककारा ओझा खैरा श्यामपुरा पहुंचे जहां बाढ़ पीड़ितों की उनकी समस्याएं सुनी और वही उन्होंने बढ़ते हुए बढ़ते हुए जल प्रभाव के कारण पक्के मकानों की दीवारों और छतों पर भारी मात्रा में दरारें देखने को मिली और वही लोगों के गांव में बने कच्चे मकान भी पूर्ण रूप से धराशाई हो गए हैं जिनके रहने के लिए भी कठिनाइयां है उन्होंने ग्रामीण जनों को धैर्य बनाते हुए कहा शासन प्रशासन से आर्थिक मदद भी दिलाई जाएगी जिसके लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जिले के प्रभारी मंत्री गोविंद सिंह राजपूत एवं प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों का ध्यान आकर्षित कराया जाएगा।



पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह ने कहा कि उत्तर प्रदेश की सीमा से लगे भिंड विधानसभा के अंतिम छोर तक के गांव आज भी चंबल के बढ़ते हुए पानी के प्रभाव के कारण दुख में है राहत कार्य युद्ध स्तर पर प्रारंभ किए जा रहे हैं और उन्हें घरों से सुरक्षित निकालकर निर्धारित स्थानों पर भी पहुंचाया जा रहा है लेकिन शासन प्रशासन के समस्त अधिकारी एवं पार्टी के कार्यकर्ता उनके भोजन के लिए पूरी चिंता कर रहे हैं।

पूर्व विधायक कुशवाह ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम वासियों से कहा कि जो कच्चे मकान बने हैं और पानी के झड़ते हुए प्रभाव के कारण टूट गए हैं उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्के मकान दिलाने के लिए पूर्ण रूप से प्रयास किया जाएगा और शासन से जो मदद होगी वह दिलाई जाएगी।

पूर्व विधायक के साथ भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं ग्रामीण जन भी विशेष रूप से मौजूद थे।

# सरकार उत्सव मना कर गरीब जनता को कर रही है गुमराह, पैसों का हो रहा है दुरुपयोग : तपेश कालबेले लोधी युवा समाजसेवी

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे बालाघाट**

बालाघाट जिले के लोधी समाज के युवा सामाजिक कार्यकर्ता तपेश कालबेले ने प्रधानमंत्री गरिब कल्याण अन्न वितरण योजना के कार्यक्रम को राजनीतिक प्रचार प्रसार क़रार देते हुए सिधे सरकार पर निशाना साधते हुए कहा है कि मध्य प्रदेश सरकार द्वारा 7 अगस्त को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्य योजना के अंतर्गत निशुल्क राशन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था, जिसमें गरीब योग और असहाय लोगों को प्रति व्यक्ति 5 किलो गेहूं एवं चावल प्रति व्यक्ति प्रतिमाह मुफ्त खाद्यान्न राशन थैले में प्रदान किया गया.. इस कार्यक्रम में सरकार द्वारा अपनी लोकप्रियता को कम होते देख प्रधानमंत्री जी एवं मुख्यमंत्री जी की फोटो वाले थैले में राशन बांट कर अपना प्रचार प्रसार किया जा रहा है जोकि गरीब जनता के पैसों का दुरुपयोग है एक और गरीबों की खुशहाली के लिए प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना बनाई गई है तो दूसरी ओर सरकार अपनी छवि चमकाने के प्रयास में है इस कार्यक्रम में बहुत सारी खामियां सामने आ रही है कहीं पर थैले के अंदर का चावल व गेहूं खाने योग्य नहीं है तो कहीं पर इस कार्यक्रम में बहुत से लोगों को राशन लिए बिना हीखाली हाथ वापस लौटना पड़ातो कहीं पर इस कार्यक्रम कीजानकारी तक नहीं पहुंच पाई हैइस प्रकार के उत्सव मना करसरकार लोगों को गुमराह कर रही हैऔर लोगों का ध्यान महंगाई से भटकाने प्रयास किया जा रहा है लेकिन प्रदेश व बालाघाट जिले की जनता जागरूक है वह सरकार के इस बहकावे में नहीं आने वाली है और आने वाले चुनाव में सरकार को जनता द्वारा अपने साथ किए गए इस चलावे का बदला जरूर लिया जाएगा इस उत्सव के कार्यक्रम में जहां अन्य वितरण किया गया क्या सिर्फ 5 किलो गेहूं एवं चावल से गरीबों का जीवन यापन हो जाएगा यह भी एक सोचने का विषय है.? यदि इतना सब प्रयास महंगाई को कम करने हेतु किया जाता तो देश व प्रदेश की जनता राहत जरूर महसूस करती लेकिन सरकार जनता को बार-बार आश्वासन वादे देख कर सिर्फ और सिर्फ गुमराह कर रही है ..



सरकारी कार्यक्रम में राजनीतिक पार्टी विशेष को महत्व देना जोकि उचित नहीं है 7 अगस्त के कार्यक्रम में यह सब दिखाई एवं सुनाई दिया! इन कार्यक्रमों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों को शामिल किया जाना चाहिए था जो कि नहीं हुआ जिससे राज्य सरकार का जो नारा बुलंद हुआ था सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास कहीं ना कहीं सरकार की मनसा को जनमत विरोधी साबित करता है.. प्रदेश में कुछ जिलें बाढ़ एवं प्राकृतिक आपदा से प्रभावित है उसी वक्त इस प्रकार के आयोजनों सेयह साबित होता है कि सरकार अपनी नाकामी को छुपाने का प्रयास कर रही है7 आए दिन जिले में कहीं सड़कों, कहीं नदियों के ऊपर के पुलों व नालियो व अनेक मूलभूत सुविधाओं की कमियां उजागर हो रही है लेकिनइन सब से सरकार का कोई वास्ता नहीं सरकार को अपने मुखिया की छवि को बनाए रखने के लिए उनका फोटो लगा राशन थैला लोगों तक उत्सव के माध्यम से मीडिया में बने रहने का एक प्रयास किया जा रहा है ... लेकिन उस खाद्यान्न के थैले में अंदर कैसा अनाज डाला गया है उसका किसी ने ख्याल तक नहीं किया ! कोरोना काल में बेरोजगारी बढ़ी ईश्वर जिले के जनप्रतिनिधियों का ध्यान तक नहीं गया जिले में रोजगार के लिए उद्योगों की स्थापना हो इस और कोई प्रयास नहीं किया गया बस उत्सव मनाना है कहीं दो दो तीन तीन महीने तक राशन का वितरण नहीं हो रहा है उस पर ध्यान देने की बजाय एक दिन उत्सव मना कर फोटो सेशन किया जा रहा है जिले में बालाघाट जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत जरेरा के आदिवासी ग्राम उमर ध्वनि में इस कार्यक्रम की जानकारी तक नहीं पहुंच पाई ऐसा एक समाचार पत्र के माध्यम से पता चला है .. कल 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस है जिसे लेकर आदिवासी समुदाय के लोगों ने मुख्यमंत्री जी अनुरोध किया था की पूर्व की सरकार में 9 अगस्त को शासकीय अवकाश घोषित किया गया था उसे यथावत किया जाए लेकिन मध्य प्रदेश सरकार द्वारा आदिवासी विरोधी रुख अपनाते हुए उसे निरस्त कर दिया गया है इससे आदिवासी समाज के लोगों की जन भावना आज हुई है आदिवासी समुदाय की जन भावना को ध्यान में रखते हुए 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस पर शासकीय अवकाश घोषित किया जाए.. दो-तीन दिन पहले ही केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव महोदय द्वारा सभी प्रदेशों को निर्देश दिया गया है की आने वाले त्योहारों के मद्देनजर अलर्ट रहे ,भीड़ भाड ना होने दें , कोरोना अभी गया नहीं है त्योहारों में उमड़ी भीड़ तो तेजी से कोरोना फैल सकता है मोहर्रम जन्माष्टमी ओणम गणेश चतुर्थी में न हो भीड़, स्थानीय प्रतिबंध लगाएं लेकिन इसके बावजूद सरकारी उत्सव के कार्यक्रम समझ से परे है... जब सरकारी उत्सव के कार्यक्रम आयोजित किए जा सकते हैं विधानसभा लोकसभा के उपचुनाव के जा सकते हैं तो पंचायत एवं नगर निकाय के चुनाव में इतनी देरी क्यों सभी लोगों को 5 साल के कार्यकाल में 7 साल का समय दिया जा चुका है सरकार सिर्फ और सिर्फ अपनी नाकामी के रिजल्ट को देखते हुए चुनाव में देरी कर रही है।

# बाढ़ पीड़ितों को परिवार जनों को मध्य प्रदेश सरकार की सभी योजनाएं मोहिया कराई जाएगी : ओ पी एस भदौरिया'

**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ, दैनिक पुष्पांजली टुडे**

(बाढ़ पीड़ित परिवारों को बिस्कुट के पैकेट बांटने वाली कांग्रेस हमारी खामियां निकाल रही है पहले भी अपने गिरेबान में झांक कर देखें)

(बाढ़ पीड़ितों को 24X7 मदद के लिए 12 मंत्री तैनात)

**भिण्ड।** मध्य प्रदेश सरकार में नगरीय प्रशासन आवास एवं रतलाम जिले के प्रभारी मंत्री मेहगांव विधानसभा क्षेत्र से विधायक ओ पी एस भदौरिया ने कहां की प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान बाढ़ आपदा कि संकट की घड़ी में संवेदनशील होकर मध्य प्रदेश के बाढ़ पीड़ितों को राहत एवं उनके पुनर्वास के लिए तत्काल सहायता उपलब्ध कराने हेतु 12 मंत्रियों की टास्क फोर्स तैयार की है। यह टास्क फोर्स 24ङ्क7 काम करेगी। बाढ़ में फंसे हुए लोगों को रेस्क्यू करने के लिए जो भी इंतजाम जरूरी होंगे, टास्क फोर्स द्वारा किए जाएंगे। यह बात भिंड सर्किट हाउस पर प्रिंट मीडिया एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से चर्चा करते हुए कही।

नगरीय प्रशासन आवास राज्यमंत्री ओ पी एस भदौरिया ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया मध्यप्रदेश बाढ़ पीड़ितों की सहायता हेतु मंत्रियों की टास्क फोर्स - डॉ नरोत्तम मिश्रा मिश्रा गृहमंत्री गोपाल भार्गव लोक निर्माण मंत्री तुलसीराम सिलावट जल संसाधन मंत्री बिसाहूलाल सिंह खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री भूपेंद्र सिंह नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कमल पटेल किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री गोविंद सिंह राजपूत राजस्व मंत्री डॉ प्रभु राम चौधरी लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ऊर्जा मंत्री प्रेम सिंह पटेल पशुपालन एवं डेयरी मंत्री बृजेंद्र सिंह यादव लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी राज्यमंत्री मंत्रियों की टास्क फोर्स क्या काम करेगी। प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इस आपदा की घड़ी में विश्वास किया है कि यह कमेटी और भाजपा कार्यकर्ता काम करते हुए हमें उनके साथ विश्वास को जीतना है जो कांग्रेस इस आपदा में राजनीति कर रही है यह उनकी ओछी मानसिकता को प्रदर्शित करती है गोली और बिस्कुट बांट कर अपनी सहानुभूति को दिखाना चाह रही है जबकि पार्टी कार्यकर्ता सरकार और प्रशासन



हमारे सभी जनप्रतिनिधि रात 1 दिन कर राहत कार्यों में प्राण प्रण से लगे हुए हैं।राज्यमंत्री भदोरिया ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा मध्य प्रदेश के सभी बाढ़ पीड़ित नागरिकों के लिए राहत एवं पुनर्वास कार्यों के प्रभावी प्रबंधन, क्षतिग्रस्त परिसंपत्तियों के पुनर्निर्माण एवं आम नागरिकों को हुए नुकसान की क्षतिपूर्ति का आकलन व पुनर्वास की समस्त अवस्थाएं राज्य स्तरीय टास्क फोर्स द्वारा सुनिश्चित की जाएगी।

राज्यमंत्री भदोरिया ने पत्रकारों को बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री संवेदनशील होकर बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि किसी भी प्रकार की कोई कठिनाइयां नहीं छोड़ी जाए।

भाजपा सांसद श्रीमती राय ने प्रशासनिक अधिकारियों से कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में सभी की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए प्रभावित व्यक्तियों को भोजन व शुद्ध जल उपलब्ध कराएं। यह सुनिश्चित करें कि प्रभावित क्षेत्रों में संक्रामक बीमारियों का प्रकोप ना हो। जिन व्यक्तियों के घर नष्ट हो गए हैं उन्हें आश्रय स्थल उपलब्ध कराएं, साथ ही घरों की मरम्मत में मदद की जाए। विद्युत आपूर्ति पुनः स्थापित की जाए। टूटे गए पुलों की मरम्मत की जाए तथा वैकल्पिक रास्ते तैयार किए जाएं। संचार सुविधा पुनर्स्थापित की जाएं। आवास,फसल और पशुओं की हानि का तुरंत सर्वे किया जाए।बाढ़ राहत राशि प्राप्त करने के लिए भारत सरकार को प्रस्ताव प्रेषित करें।

राज्यमंत्री ओ पी एस भदौरिया ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा प्रदेश मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नैना लिया है की बाढ़ आपदा से जिनके कच्चे मकान टूट गए हैं उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ?120000 की आर्थिक राशि मुहैया कराई जाएगी ताकि वे अपना पक्का मकान बना सकें साथ ही 5 किलो गेहूं 5 किलो आलू और नमक का पैकेट उपलब्ध कराया जाएगा साथ ही ?6000 नगद राशि भी उन्हें दी जाएगी उन्होंने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि जो लोग झूठ बोलकर राजनीत करते हैं चाहे वह ओलावृष्टि हो चाहे वह कोविड-19 हो चाहे वह बाढ़ पीड़ित हो चाहे किसी भी प्रकार की आपदाओं मात्र जनता को भ्रमित करने का काम इन नेताओं पर रहा है कवि जन सेवा भाव का माध्यम नहीं दिखाया और भाजपा कार्यकर्ता और सरकार और प्रशासन एकजुट होकर काम कर रहे हैं बाढ़ पीड़ितों के लिए तो उसमें कमियां निकालने कर शासन प्रशासन और भाजपा को बदनाम करने का षड्यंत्र रचा रहे हैं बाढ़ आपदा को लेकर कांग्रेस के लोग जनता के बीच मजाक उड़ा रहे हैं ।

राज्यमंत्री भदोरिया ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी इस आपदा की ओर उनका ध्यान आकर्षित विशेष पैकेज के लिए कराया है अतिशीघ्र भारत सरकार का जांच दल आएगा पीड़ित परिवारों के बीच पहुंचकर राहत कार्यों के लिए सर्वे कराकर उनका जो नुकसान हुआ है उन्हें पूर्ण मुआवजा जाएगा।

पत्रकार वार्ता में भाजपा जिला अध्यक्ष नाथू सिंह गुर्जर भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य वरिष्ठ नेता रमेश दुबे, राजकुमार सिंह कुशवाह, सुभाष मंडल अध्यक्ष प्रदीप सिंह भदोरिया टीपू ,अजीत सिंह कुशवाह, रामदास सोनी एडवोकेट, राधा मोहन चौबे विशेष रूप से मौजूद थे।

## वन-टू-वन



### पाली जिला परिषद सदस्य सुमित्रा बनी शिक्षा समिति सदस्य

**पुष्पांजली टुडे**

पाली ।भारतीय जनता पार्टी पाली जिला परिषद सदस्य 32 नंबर से सुमित्रा सरगरा को जिला परिषद पाली की स्थायी समितियों के चुनाव में सर्वसम्मति से शिक्षा समिति सदस्य बनाए जाने पर खुशी जताई इस अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा पाली जिला अध्यक्ष मनोहर कंवर राठौड़ , जेतारण भाजपा मण्डल अध्यक्ष सुनील प्रजापत , पाली जिला परिषद सदस्य व प्रशासन एवं स्थापना समिति सदस्य आशा कुमावत , जेतारण पंचायत समिति सदस्य सोनु खण्डवा , सोजत भाजपा शहर मण्डल मंत्री महेश सोनी , भाजपा पाली जिला मंत्री रेखा जैन , बसंती कंवर ,भगवती कंवर नाथावत , पार्षद प्रियंका धीरज नागौरा सोजत , राकेश भटनागर , नरपतसिंह राव आदि कार्यकर्ता ने खुशी जताकर बधाई दी



### सिंध नदी में जलस्तर बढ़ने की स्थिति का कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने जायजा लिया'

**विवेक पांडेय रिपोर्टर, दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड( ब्यूरो )।जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष मानसिंह कुशवाहा ने अपनी टीम के साथ बढ़ते जलस्तर की जानकारी मिलने पर स्थिति का जायजा लिया।आज सिंध नदी में पुनः जलस्तर बढ़ने की सूचना मिलते ही जिला कांग्रेस अध्यक्ष मान सिंह कुशवाहा मेहदा घाट पहुंचे उन्होंने वहां की बड़े हुए जल स्तर की स्थिति को देखा ।




### बाढ पीड़ितों की मदद के लिए आगे आया सेवादल हर सम्भव मदद करने का दिया आश्वासन

**उमाकान्त शर्मा भिण्ड, दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड।कांग्रेस सेवादल ने भिंड जिले में आई जल आपदा का ग्राम पंचायत अमायन एवं कछपुरा में जायजा लिया एवं बाढ पीड़ितो की सहायता की।और कहा कि हर सम्भव मदद करने को तत्पर रहेंगे।तथा गांव में पहुंचकर ग्रामीणों से चर्चा कर हर संभव मदद करने का आशवासन दिया एवं जिला प्रशासन को स्थिति से अवगत कराया। ग्रामीणों ने पशुओं के लिए चारा और चिकित्सक की मांग रखी । सेवादल ने बाढ पीड़ित लोगों का हौसला बढ़ाया और कहां की आपकी इस घड़ी में हम सब आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर हर संभव मदद करने के लिए तैयार है । सेवादल द्वारा फल, बिस्कुट एवं खाद्य सामग्रियों आदि का वितरण किया गया । इस मौके पर सेवादल के जिला अध्यक्ष संदीप मिश्रा, दीपू मुद्गल, धर्मेन्द्र पाराशर, सुनील कौशल, शिवम् सैथिया, धुव्र सिंह, रिंकू यादव, कई पदाधिकरी मौजूद रहे ।

**इंदरगढ़ मंडल ग्राम पचोखरा में भारतीय जनता पार्टी केंद्र सरकार के किसानों के नेता, गरीबों के मसीहा**

## आदरणीय नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री जी एवं माननीय मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान

**विवेक सेन रिपोर्टर, पुष्पांजली टुडे**

इंदरगढ़ राज्य सरकार द्वारा गरीब कल्याण अन्य योजना के अंतर्गत मध्य प्रदेश समस्त उचित उचित मूल्य की दुकानों पर ग्राम पंचायत में खाद्यान्न वितरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ हमारे दतिया जिला अध्यक्ष के हृदय सम्राट गरीबों के मसीहा सुरेंद्र बुधौलिया जी के मार्गदर्शन में एवं रामलखन गुर्जर मंडल अध्यक्ष इंदरगढ़ के नेतृत्व में सभी इंदरगढ मंडल की पंचायतों में खाद्यान्न वितरण कार्यक्रम संपन्न हुआ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरकिशन कुशवाहा मंडल महामंत्री इंदरगढ़ सभी पात्र हितग्राहियों को खाद्यान्न वितरण करते हुए साथ डा राकेश शर्मा सेक्टर प्रभारी, नोडल मिठठूराम जाटव ,सुशील दीक्षित सचिव, रवि कुमार भास्कर बृजेंद्र बघेल अखिलेश प्रजापति रणवीर सिंह संजू कुशवाहा भोला कुशवाहा भगवान दास कुशवाहा हर प्रसाद कुशवाहा अनिल झा अशोक परिहार रंजीत झा सोनू केवट नंदकिशोर केवट धर्मेंद्र शर्मा



सोनू नामदेव कल्याण जाटव विनोद भास्कर प्रताप कुशवाहा विशाल कुशवाहा बहादुर कुशवाहा सभी मिशन पचोखरा 20-20 ग्रुप के सभी साथियों ने सहयोग किया उपस्थित रहे।

## कल तारीख 9 दिन सोमवार को कांग्रेस पदयात्रा दिवस के रुप में निकाली जाएगी



**संजय सिंह तोमर रिपोर्टर,पुष्पांजली टुडे**

आगरा खेरागढ़ उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर आगरा कांग्रेस कमेटी द्वारा पदयात्रा क्रांति दिवस के रुप में विधानसभाओं मैं पदयात्रा निकाली जाएगी इसमें जिलाध्यक्ष राघवेंद्र सिंह मीनू ने आज खेरागढ़ के कार्यालय पर होतमसिंह चौहान नगर अध्यक्ष द्वारा कमेटी कार्यालय पर विशेष चर्चा हुई चर्चा में बढ़ती हुई महंगाई और भ्रष्टाचार के बारे में विरोध प्रदर्शन किया जाएगा जिलाध्यक्ष राघवेंद्र सिंह मीनू ने बताया कि क्रांति दिवस यात्रा में महंगाई को लेकर जागरूक किया जाएगा खेरागढ़ कार्यालय पर उपस्थित रहे बासुदेव प्रसाद शर्मा तथा मुरारीलाल सिकरवार रामबाबू सिंघल राजकुमार तोमर सतीश शर्म वीर सिंह अनिल कुमार राजकुमार अशोक तिवारी होतम सिंह चौहान नगर अध्यक्ष कमेटी खेरागढ़ आदि उपस्थित रहे।

## तामीलनाडु पॉन ब्रोकर ऐवम ज्वेलर्स एसोसिएशन की बैठक हुई



**पुष्पाजंली टुडे ,नारायणलाल सैणचा**

चैन्नई-तामिलनाडु पॉन ब्रोकर ऐवम ज्वेलर्स एसोसिएशन की बेठक हुई जिसमे एन महेशपुरी गोस्वामी को तामीलनाडु पॉन ब्रोकर ऐवम ज्वेलर्स एसोसिएशन के प्रदेश युवा मोर्चा का अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया इसी तरह रमेश भायल सीरवी आरुमबाक्दम को तामीलनाडु पॉन ब्रोकर ऐवम ज्वेलर्स एसोसिएशन के युवा मोर्चा का प्रदेश महासचिव पद पर मनोनीत किया गया किया गया आज सुबह भारतीय उधीयोग व्यापार मंडल के वरिष्ठ राष्ट्रीय महामंत्री ऐवम तामीलनाडु पॉन ब्रोकर ऐवम ज्वेलर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष स्वामी तेजानन्द तामीलनाडु पॉन ब्रोकर ऐवम ज्वेलर्स एसोसिएशन के युवा मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश महासचिव रमेश भायल सीरवी के प्रतिष्ठान पर पहुचने पर रमेश भायल सीरवी ने स्वामी तेजानन्द का शॉल ओढाकर स्वागत किया ।इस कार्यक्रम मे तामीलनाडु पॉन ब्रोकर ऐवम ज्वेलर्स एसोसिएशन के गुमडीपुण्डी तालुक अध्यक्ष बाबुलाल भायल ऐलाऊर , खुमाराम सीरवी वह आरुमबाक्म क्षेत्र के सभी सदस्यगण मोजुद थे।

## गांव में हरियाली अमावस्या पर वृक्षारोपण कर उत्सव से मनाई

**नेनाराम सीरवी ब्यूरो, पुष्पांजली टुडे**

पाली निकटवर्ती पाली ब्लॉक के गॉवो में हरियाली अमावस्या के अवसर पर रूपावास, चवरडा की ढाणी, दयालपुरा अनेक धार्मिक स्थल एवं सार्वजनिक जगहों पर ग्रामीण पुरूषों व महिलाओं ने भगवान इन्द्र देव व शिव भोलेनाथ को प्रसन्न करने व मनाने के लिए भजन कीर्तन किये व मंगलम हरिभजन कीर्तन व मंगलम गीत के साथ में पर्यावरण संरक्षण हरा भरा करने के लिए विभिन्न प्रकार के फलदार व छायादार वृक्षारोपण किया तथा प्रत्येक परिवार व्यक्ति सदस्यों ने एक एक एक पौधे की देखभाल रखने का संकल्प लेकर बड़े उत्सव से हरियाली अमावस्या मनाई गई ।



इस मौके पर भाजपा ओ बी सी महिला मोर्चा सदस्य नाजू देवी ऑजणा, पायल पटेल, श्रीदेवी पटेल, गुडिया राठौड़, समाजसेवी हरिभाई पटेल, लक्ष्मण, जगदीश बंजारा, हेमाराम, रघुनाथ , दारकादास, हरिराम , सुरेश चवरडा की ढाणी, राजु भाई, मोहनलाल, गणेश राम, हिराराम, पुखराज दयालपुरा सहित कई लोग मौजूद रहे ।

**खौड पुलिस चौकी परिसर में**

## पौधारोपण कर पर्यावरण प्रेम को किया साकार

**नेनाराम सिरवीए पुष्पांजली टुडे**

पाली रानी खौड पुलिस चौकी परिसर में रविवार को गुड़ा ऐंदला थानाधिकारी रविंद्रपालसिंह राजपुरोहित की अध्यक्षता में पौधारोपण कर पर्यावरण प्रेम को साकार किया। इस दौरान थानाधिकारी राजपुरोहित ने ऐसे पेड़ पौधे जनऔषधि जैसे नीम गिलोय, अश्वगंधा, तुलसी आदि औषधि के रूप में बहु उपयोगी माने जाते हैं । साथ ही उन्होंने बताया कि विश्व के सामने ग्लोबल वार्मिंग की बड़ी चुनौती हैं। जब प्रकृति के खिलाफ हम जाते हैं। तब यह स्थिति होती हैं। ।प्रकृति को हरा भरा रखने के लिए पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ सघन पौधारोपण करने की जरूरत है। कोराना महामारी के दौरान औषधीय पौधों से इस विकट विनाशकारी महामारी से लड़ने के लिए शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने हेतु लोगों ने खूब जतन किए थे। इसी को देखते हुए राज्य सरकार द्वारा घर-घर औषधीय पौधे देने की योजना शुरू की गई हैं। साथ ही तुलसी सहित अन्य औषधीय पौधों का धार्मिक व पारंपरिक महत्व भी बताया गया। और पर्यावरण के प्रति आमजन को जागरूक करना होगा। कोराना ने आमजन को यह भी संदेश दिया है कि पर्यावरण संरक्षण व जागरूकता का दूसरी लहर में यह भी पता लगा कि ऑक्सीजन का कितना महत्व है। प्रत्येक व्यक्ति को पौधे लगाने के साथ उनकी साख संभाल करने के जिम्मेदारी लेने की बात कही। वही खौड चौकी प्रभारी चौथाराम नागौरा ने प्रकृति को खतरे से बचाने के लिए पेड़ पौधे लगाना जरूरी होना बताया।



समाजसेवी अजीत लोढा ने शुद्ध वायु मंडल के लिए हम सभी को मिलकर गांव को हरा-भरा करने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने के बारे में कहा।

### यह भी रहे मौजूद

*इस अवसर पर खौड चौकी प्रभारी चौथाराम नागौरा, भामाशाह गौतमचंद जैन, प्रेमराज मेहता, असलराज मेहता,अजीत लोढा, मुकेश सीरवी, ऐजाज खां पादरली, सुरेश मीणा, किरणसिंह चौहान, देवाराम मेघवाल,जसाराम मेघवाल, पुजारी नारायणलाल रावल, नैनाराम चौधरी चाचौड़ी,पर्यावरण प्रकोष्ठ कांग्रेस प्रदेश कमेटी पूर्व सचिव राजस्थान प्रदेश नारायणसिंह सेवड चाचौड़ी, पेमाराम मीणा, कॉन्स्टेबल रमेश कुमार बालोटिया, कांस्टेबल चंद्रशेखर आदि मौजूद रहे।*

## वन-टू-वन



### राजेश मारवाड़ी मित्र मंडल एवं रक्त अर्पण सेवा समिति ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

**ग्वालियर।** राजेश मारवाड़ी मित्र मंडल एवं रक्त अर्पण सेवा समिति द्वारा राजेश मारवाड़ी की जयंती के अवसर पर आज थैलीसीमिया के बच्चो के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन किया महाबीर धर्मशाला में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जिंसमे 60 यूनिट रक्त एकत्रित किया । कार्यक्रम संयोजक प्रदीप जाजू ,सुमित खण्डलेवाल ,चिराग सांखला ने बताया संस्था के अक्षत मारवाड़ी जी ने अपने पिताजी राजेश मारवाड़ी जी की पुण्यतिथि पर ये शिविर लगाया जिससे थैलसीमिया बच्चो को रक्त की कमी नही रहे। समय पर रक्त उपलब्ध हो सके कार्यक्रम में मुख्य अथिति के रूप में ग्वालियर सांसद विवेक नारायण शेजवलकर,दक्षिण विद्यायक प्रवीण पाठक भा ज पा जिला अध्यक्ष कमल माखीजानि ,भा ज पा जिला कोषाध्यक्ष प्रमोद खण्डलेवाल , भूपेंद्र जैन जी ने सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र दे कर सम्मानित किया। निर्मल संतवानी, रोबिन जैन,हरीश थोरानी,आशीष साओ,संजय वर्मा , धीरज दिसेजा, गौरव सांखला,लक्ष्मन चौधरी, जीतू लीलारामानी , अनिल पंजवानी,धीरज दयानी अन्य सभी उपस्थित रहे।

### बाढ़ प्रभावित गाँवों में विशेष स्वास्थ्य शिविर जारी

**ग्वालियर।** जिले में बाढ़ से प्रभावित गाँवों में विशेष स्वास्थ्य शिविर लगाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने बीते शुक्रवार को बाढ़ प्रभावित गाँवों का जायजा लेने के दौरान इस आशय के निर्देश जिला प्रशासन को दिए थे। इस परिपालन में केथोदा, बाबूपुर, लिधौरा, जिगनिया, सिली व सिलेटा गाँवों के बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए विशेष स्वास्थ शिविर लगाए गए। इन शिविरों में लगभग 115 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर जरूरतमंदों को निःशुल्क दवाएँ मुहैया कराई गईं। साथ ही जिन मरीजों में बुखार आदि लक्षण मिले उनकी मौके पर ही मलेरिया की जाँच की गई। इसी तरह ग्राम रायपुर में लगे स्वास्थ्य शिविर में 31 व्यक्तियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर 4 लोगों की मलेरिया की जाँच की गई । कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वाथ्य अधिकारी को निर्देश दिए कि बाढ़ प्रभावित गाँवों में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन नियमित रूप से जारी रखें। साथ ही दवाओं का पर्याप्त भंडारण रहे।

### माधव महाविद्यालय रासेयो द्वारा हरियाली अमावस्या पर अंकुर कार्यक्रम के तहत किया वृक्षारोपण

**ग्वालियर।** माधव महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा हरियाली अमावस्या के पावन अवसर पर शासन के अंकुर कार्यक्रम के अंतर्गत आम, पीपल और बरगद के पौधों का रोपण जैन मंदिर प्रांगण गेंडेवाली सड़क में किया । वृक्षारोपण अभियान में रासेयो जिलासंगठक डॉ. मनोज अवस्थी , भारतीय शिक्षण मंडल के प्रांतीय सचिव डॉ. शिवकुमार शर्मा , कार्यक्रम अधिकारी डॉ. संजय कुमार पाण्डेय , डॉ. कौशलेन्द्र अवस्थी महाविद्यालय पूर्व छात्रपरिषद के नवलकिशोर कुशवाहा , रासेयो जीवाजी विश्वविद्यालय के कार्यालय सहायक पुनीत बंसल आदि ने सहभागिता कर पौधरोपण किया तथा वायुदूत एप के माध्यम से जानकारी शासन को भेजी। प्रेस को जारी विज्ञप्ति में रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. संजय कुमार पाण्डेय ने बताया कि जल्दी ही बड़े स्तर पर रासेयो द्वारा छात्रों के साथ अभियान चलाकर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा जिससे आने वाले दिनों में शहर की हवा को ऑक्सीजन मिल सकेगी । अभी अंकुर अभियान के अंतर्गत सभी रासेयो छात्र एक एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल की जिम्मेदारी भी उठा रहे हैं।

### नगर निगम की सफाई सड़कों पर मिट्टी जमाईः बबलू खांन

**ग्वालियर।** भारतीय अपना अधिकार पार्टी ओटो यूनियन जिलाध्यक्ष बबलू खांन ने सरकार पर गंभीर आरोप लगाए और कहा कि प्रदेश सरकार से सफाई के नाम पर निगम मैं करोड़ो रूपये आते वही निगम द्वारा पेसों को बट्टा लगाया जाता ग्वालियर नगर निगम मैं इक्यूपमेंट तो खरीदे जाते है वही उनके रख रखाब मैं ढील पोल दिखाई जाती है कई सफाई कर्मचारी काम पर रखे जाते है डब्ल्यू एचओ व दरोगा व सफाई कर्मियों द्वारा लापरवाही बरती जाती है एक तरफ निगम दावा करती है कर्मचारियों की भर्ती की वही दरोगा सफाई कर्मियों की कमी को सवालिया निशान लगा देते है दरोगाओं के चहेते नदारद रहते है वही चंद कर्मचारियों पर दबाब बनाये जाते है।

# विपदा के समय पीड़ितों को मिले हर संभव सहायता : केन्द्रीय मंत्री सिंधिया

### जिले के तीन मृतकों के परिवारों को संबल योजना के तहत 4 - 4 लाख रूपए की सहायता वितरित

### केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने खाद्यान्न के तीन ट्रक पीड़ितों को वितरण करने हेतु किए रवाना



**ग्वालियर।** केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा है कि अति वर्षा के कारण ग्वालियर-चंबल संभाग के जिलों में भारी नुकसान हुआ है। इस विपदा में पीड़ित परिवारों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराने के लिये केन्द्र सरकार एवं प्रदेश सरकार पूरी शिद्दत के साथ कार्य कर रही है। पीड़ितों को भोजन, पानी एवं अन्य सामग्री की आपूर्ति भी शासकीय प्रयासों के साथ-साथ जनभागीदारी से की जा रही है। सिंधिया ने रविवार को प्रातः 8.30 बजे मोतीमहल से खाद्य सामग्री के तीन ट्रक जिले के डबरा एवं भितरवार के ग्रामीण क्षेत्र में प्रभावित लोगों के वितरण हेतु रवाना किए। केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि अति वर्षा के कारण जो नुकसान हुआ है उसका आंकलन शासन स्तर से किया जा रहा है। हर पीड़ित को मदद उपलब्ध कराने के लिये सरकार कटिबद्ध है। सिंधिया ने इस मौके पर ग्वालियर जिले में अति वर्षा के कारण तीन लोगों की मृत्यु होने पर उनके परिजनों को संबल योजना के तहत 4 - 4 लाख रूपए की राहत राशि के चैक भी वितरित किए।

इस मौके पर प्रदेश के जल संसाधन मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट, ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, भाजपा के जिला अध्यक्ष कमल माखीजानी, ग्रामीण अध्यक्ष कौशल शर्मा, पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ जनप्रतिनिधि वेदप्रकाश शर्मा, पूर्व विधायक मुन्नालाल गोयल, पूर्व विधायक मदन कुशवाह, मोहन सिंह राठौर, संभागीय आयुक्त आशीष सक्सेना, आईजी ग्वालियर अविनाश शर्मा, कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, पुलिस अधीक्षक अमित सांघी सहित विभागीय अधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने स्मार्ट सिटी के कंट्रोल कमाण्ड सेंटर में स्मार्ट सिटी के द्वारा ग्वालियर संभाग की विभिन्न नदियों और बांधों की वर्तमान स्थिति तथा प्रभावित क्षेत्र के संबंध में तैयार किए गए प्रजेण्टेशन को भी देखा और स्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त की। केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने अधिकारियों से कहा है कि प्रत्येक नदी एवं बांध की निरंतर मॉनीटरिंग की जाए। इसके साथ ही मौसम विभाग की सूचनाओं के आधार पर भी आगामी रणनीति बनाई जाए। सिंधिया ने कहा है कि ग्वालियर जिले के डबरा एवं भितरवार में जो ग्राम अति वर्षा से प्रभावित हुए हैं वहाँ पर राहत सामग्री के साथ-साथ लोगों को बांस-बल्ली, तिरपाल, रस्सी आदि भी उपलब्ध कराई जाए ताकि वे अस्थायी रूप से अपने रहने की व्यवस्था कर सकें। जिन आवासों को नुकसान हुआ है उन्हें सरकार की ओर से आवास की उपलब्धता की दिशा में कार्य किया जा रहा है। प्रभावित व्यक्तियों को हुई क्षति के आंकलन का कार्य भी प्रशासन तत्परता से करे।

संभागीय आयुक्त आशीष सक्सेना ने ग्वालियर संभाग के विभिन्न जिलों में अति वर्षा से हुए नुकसान और शासन-प्रशासन द्वारा किए जा रहे राहत कार्यों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिला स्तर से और संभाग स्तर से भी निरंतर मॉनीटरिंग की जा रही है। ग्वालियर और मुरैना जिले से श्योपुर जिले के लिये राहत सामग्री के ट्रक निरंतर भेजे जा रहे हैं। आगे भी जो आवश्यकतायें होंगी उसकी पूर्ति की जायेगी। कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने बताया कि भितरवार और डबरा में बाढ़ प्रभावित लोगों को सहायता उपलब्ध कराने की दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है।

### बाढ़ प्रभावित जिलों में विद्युत आपूर्ति बहाल करने के लिए अभियान जारी : ऊर्जा मंत्री

**ग्वालियर।** ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया है कि बाढ़ से प्रभावित जिलों में विद्युत आपूर्ति बहाल करने का कार्य अभियान के रूप में किया जा रहा है। श्योपुर जिला मुख्यालय में 100 प्रतिशत विद्युत आपूर्ति शुरू कर दी गयी है। इसके साथ ही बाढ़ प्रभावित तहसील मुख्यालय विजयपुर, कराहल, वीरपुर और बडोदा में भी विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी गयी है। बाढ़ प्रभावित 563 ग्रामों में से 400 ग्रामों में भी बिजली चालू कर दी गई है। विद्युत आपूर्ति बहाल करने की कार्यवाही लगातार जारी है। जल्द ही सभी स्थानों में भी विद्युत आपूर्ति शुरू हो जायेगी। शिवपुरी जिले में जिला मुख्यालय तथा तहसील मुख्यालय के सभी 11 के.व्ही. फीडरों से विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी गई है। जिले के 162 घरेलू फीडरों में से 156 फीडरों पर विद्युत व्यवस्था बहाल कर दी गई है।

# 'विश्व आदिवासी दिवस' व मान.कांसोटिया के जन्म दिवस के उपलक्ष में..

### ग्वालियर संभागीय अजाक्स ने किया पौधारोपण

**ग्वालियर।** डॉ.अंबेडकर प्रतिमा परिसर, देव नगर, नाकाचंद्रबदनी, झांसी रोड थाने के सामने, जाटव समाज के आश्रम लश्कर ग्वालियर पर आज में प्रांतीय अजाक्स भोपाल के आव्हान पर विश्व आदिवासी दिवस एवम् मध्य प्रदेश अजाक्स के प्रांत अध्यक्ष माननीय जे.एन. कंसोटिया साहब (अपर मुख्य सचिव मध्य प्रदेश शासन) के जन्म दिन को ÷संघर्ष दिवस÷ के रूप में मनाया। इस उपलक्ष में पौधारोपण किया गया, तदुपरांत कैडर मीट में आदिवासी वर्ग की के प्राकृत धम्म, रीति रिवाज परंपरा एवं संस्कृति को बनाए रखने के लिए क्या प्रयत्न किया जाए पर प्रकाश डाला गया, आदिवासी हिंदू नहीं है इस विषय पर वक्ताओं ने विस्तार से चर्चा करते हुए संस्कृति और जमीन को बचाने के लिए तथा सामाजिक राजनैतिक बदलाव हेतु सामाजिक विकृतियों को समूल नष्ट करने, पर्यावरण को बचाने एवं उसको अक्षुण्य बनाए रखने के लिए म.प्र.अजाक्स के पूर्व प्रांतीय सचिव ÷ड्ढ डॉ.रावण वर्मा सहाब÷ (प्रदेश अध्यक्ष



पी.एस-5) ने उपस्थित लोगों का मार्गदर्शन किया। ÷संभागीय अध्यक्ष देवेंद्र सिंह राजोरिया÷ ने अजाक्स के दायित्व को बताते हुए कहा कि सरकारी मुलाजिम ही दहेज प्रथा पर लगाम कसने का संकल्प लें व मृतक शरीर पर नवीन वस्त्र न डालकर शोकाकुल परिवार के लिए सांत्वना स्वरूप ? 100,50 अर्पण करें, तो सार्थकता होगी। कार्यक्रम का संचालन शैलेन्द्र प्रताप कदम जी ने किया । आभार घनसुंदर सिंह मौर्य जी ने किया। कार्यक्रम प्रमुख रूप से म.प्र.अजाक्स ग्वालियर के संभागीय अध्यक्ष- देवेंद्र सिंह राजोरिया, संभागीय वरिष्ठ उपाध्यक्षड्ढ शैलेंद्र प्रताप कदम, आर.पी.कोरी जी, महासचिव- देवराज गांधी, रामअवतार राजोरिया, संभागीय सयुक्त सचिव वीरेंद्र जयंत जी, संभागीय प्रवक्ता जी.एस.मौर्य जी, संभागीय मीडिया प्रभारी राममूर्ति सेंगर जी, ब्लॉक अध्यक्ष घाटीगांव डॉ.हाकिम चौकोटिया जी, श्री सरनाम सर जी, पीएस-5 जिलाध्यक्ष दीपक कुमार गर्ग जी, पंकज कुमार गांधी जी, श्री कुबेर सिंह केन जी,कुमार साहिल उपस्थित रहे। स्थानीय लोगों में मुख्यत आर.डी.महोविया जी ( रिटायर्ड डिप्टी कमिश्नर) श्री खड़क सिंह मौर्य जी (रिटायर्ड बैंक प्रबंधक), जाटव समाज समिति अध्यक्ष श्री राजेन्द्र सिंह जाटव जी, श्री एल.एस.चौरसिया जी

श्री ज्ञानसिंह जी, श्री तेजमल जी श्री कदम सिंह, दीपक केन आदि । कार्यक्रम में सर्व प्रथम बाबा साहब डॉक्टर अंबेडकर प्रतिमा पर सभी ने पुष्पांजलि अर्पित की,फिर आश्रम परिसर में गड्ढे खोदकर विभिन्न किस्मों के पौधे रोपे गए। मप्र सरकार ने भी आज 08 अगस्त 2021को वृहद स्तर पर पौधारोपण अभियान चलाया है। अजाक्स के संभागीय प्रवक्ता श्री जी.एस.मौर्य जी के नेतृत्व में रखा गया पौधा रोपण कार्य सादगी से संपन्न हुआ।
















स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478